* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 अगस्त, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 284

प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्र कैद



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

प्रधानमंत्री काशी की जनसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर गरजे

# सिंदूर के बदले का वचन पूरा : नरेंद्र मोदी

**टैरिफ वॉर पर कहा, वही खरीदेंगे-बेचेंगे, जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा**

**2,200 करोड़ रुपये के 52 प्रोजेक्ट लांच किये, किसानों के लिए सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी में कहा कि मैंने बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो पूरा हो गया। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया, तो हमारी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। प्रधानमंत्री शनिवार को काशी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने करीब 54 मिनट जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने काशी में 2,200 करोड़ रुपये के 52 प्रोजेक्ट लांच किये।

साथ ही देशभर के किसानों के लिए सम्मान निधि की 20वीं किस्त के 20,500 करोड़ रुपये जारी किये।

**वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा:** मोदी ने अमेरिका का बिना नाम लिये टैरिफ पर कहा कि हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि मेक इन इंडिया प्रोडक्ट को बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आया, वो स्वदेशी ही होगा। ये जिम्मेदारी हर नागरिक को ही लेनी होगी। मैं दुकानदार भाइयों से आग्रह करता हूं, जब दुनिया इस तरह की अस्थिरता से गुजर रही है तो हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे।

### स्वदेशी हथियारों की ताकत दुनिया ने देखी

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पर वार करने वाला दुश्मन पाताल में भी नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखी। ड्रोन, मिसाइलें, एयर डिफेंस ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है। पाकिस्तान में तो इतना खौफ है कि ब्रह्मोस की आवाज भी आ जाये, तो पाकिस्तान को नींद नहीं आती है। मोदी ने कहा कि मैं काशी की धरती से कहना चाहता हूं। ये नया भारत है। भोलेनाथ को भी पूजता है। दुश्मनों के सामने काल भैरव भी बन जाता है।

### कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर को कोई तमाशा कह सकता है। हमारी सेना का पराक्रम और बहनों के सिंदूर का बदला, तमाशा कहने की ये हिम्मत, ये निर्लज्जता है। वोट बैंक और तुष्टीकरण की इस राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है। मोदी ने कहा कि विरोधी संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को क्यों मारा? क्या सपा वालों को फोन करूं क्या? क्या आतंकियों को भागने का मौका देना चाहिए था? पाकिस्तान के कई सारे एयरबेस आज भी आइसीयू में पड़े हैं। पाकिस्तान दुखी है। ये तो सब कोई समझ सकता है, लेकिन पाकिस्तान का ये दुख सपा और कांग्रेस से सहन नहीं हो रहा। उधर, आतंक का आका रोता है। इधर कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं। कांग्रेस हमारी सेनाओं के पराक्रम का लगातार अपमान कर रही है।

# राजद नेता तेजस्वी यादव के दावे को जिलाधिकारी ने किया खारिज

- तेजस्वी यादव ने वोटर लिस्ट से नाम गायब होने का किया दावा
- पटना डीएम ने कहा, लिस्ट में 416 नंबर पर है नाम और फोटो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को पटना में प्रेस कांफ्रेस कर चौंकाने वाला दावा किया कि उनका नाम नयी वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। उनके आरोप को पटना जिलाधिकारी (डीएम) एस.एन. त्यागराजन ने खारिज कर दिया। त्यागराजन ने कहा कि तेजस्वी यादव का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है और मीडिया में चल रही बातें तथ्यात्मक रूप से गलत हैं।

**सत्यापन के बाद भी नाम वोटर लिस्ट नहीं:** तेजस्वी यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बीएलओ घर आयी थीं, सत्यापन कर गयीं, फिर भी मेरा नाम मतदाता सूची से गायब है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब उनका नाम ही नहीं है, तो उनकी पत्नी का नाम कैसे होगा। तेजस्वी ने कहा कि अब मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा? उन्होंने अपना इपिक नंबर (इपीआइसी नंबर) दिखाते हुए कंप्यूटर स्क्रीन प्रक्रिया को साझा किया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपना नाम खोजना चाहा तो स्क्रीन पर 'नो रिकार्ड फाउंड' लिखा आया। तेजस्वी ने इसे चुनाव आयोग की 'टारगेटेड कार्रवाई' करार दिया और कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है।

**मतदान केंद्र संख्या 204 में नाम है दर्ज:** तेजस्वी यादव के आरोपों पर पटना के जिलाधिकारी एस.एन. त्यागराजन ने तत्काल प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है। मीडिया में चल रही बातें तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का नाम मतदान केंद्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन में क्रम संख्या 416 पर दर्ज है। पहले उनका नाम मतदान केंद्र संख्या 171 पर था, जिसे अपडेट कर दिया गया है। डीएम कार्यालय ने बाकायदा उस बूथ लिस्ट की प्रति भी साझा की, जिसमें तेजस्वी यादव की तस्वीर और नाम स्पष्ट रूप से दिख रहा है।



### 65 लाख नामों की कटौती पर गंभीर सवाल

तेजस्वी यादव ने सिर्फ अपने नाम की बात नहीं की, बल्कि राज्यभर से 65 लाख नामों के हटाये जाने पर भी चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल खड़े किये। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने यह नहीं बताया कि किस विधानसभा से कितने नाम क्यों हटाये गये। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा से औसतन 20 से 30 हजार नाम हटा दिये गये हैं। आयोग ने यह नहीं बताया कि कौन शिफ्ट हुआ, कौन मृत है और किसका नाम डुप्लीकेट था। उन्होंने चुनौती दी कि अगर चुनाव आयोग के पास कुछ छिपाने को नहीं है, तो वह बूथ वाइज डेटा सार्वजनिक करे। जिन लोगों के नाम कटे हैं, उनका कारण बताये। तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की।

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत गंभीर

**बाथरूम में फिसलकर हुए थे घायल, एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शनिवार सुबह बाथरूम में फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए जमशेदपुर के टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरने के कारण उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आयीं थीं। उनकी हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। शिक्षा मंत्री को तत्काल एयर लिफ्ट कर दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक उनकी हालत गंभीर है। डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के ब्रेन में चोट और ब्लड क्लॉट हुआ है। उनके परिवार वालों के मुताबिक अपोलो अस्पताल में शिक्षा मंत्री का इलाज चल रहा है। स्थिति यथावत है। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी बयान के अनुसार मंत्री रामदास सोरेन की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट सिस्टम) पर रखा गया है। वरिष्ठ चिकित्सकों की एक बहु-विशेषज्ञ टीम उनकी हालत पर लगातार नजर रख रही है और गहन चिकित्सा प्रदान की जा रही है। फिलहाल, उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकती है। समय के साथ-साथ जानकारी साझा की जायेगी।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रेस कांफ्रेंस में की घोषणा

# इस्टर्न टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 17 से 19 सितंबर तक रांची में

**पूर्वी कमान मुख्यालय और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआइडीएम) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और क्षेत्रीय औद्योगिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य रांची में इस्टर्न टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन होगा। इसकी घोषणा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में की। उन्होंने कहा कि इस्टर्न टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 17 से 19 सितंबर तक रांची में होगा। यह सम्मेलन भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआइडीएम) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने भारतीय सेना की पूर्वी कमान की इस पहल की सराहना की।

**सैन्य-नागरिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा:** संजय सेठ ने कहा कि कहा कि इस्टर्न टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव के आयोजन से औद्योगिक अवसंरचना, कुशल जनशक्ति और खनिज संसाधनों की अपार संभावनाओं का लाभ मिलेगा। टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 सैन्य-नागरिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उत्प्रेरक की भूमिका निभायेगा। इसका रांची में आयोजन पूर्वी भारत के देश की समग्र रक्षा तैयारी में बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

**रक्षा और प्रौद्योगिकी विक्रेता लेंगे भाग:** संजय सेठ ने कहा कि कॉन्क्लेव में 200 से अधिक रक्षा और प्रौद्योगिकी विक्रेताओं के भाग लेने की संभावना है। जिनमें 50 से अधिक एमएसएमइ और स्टार्ट-अप शामिल होंगे। इसके अलावा डीआरडीओ, डीपीएसयूएस और प्रमुख निजी उद्योग भी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में उपकरणों का लाइव प्रदर्शन, उत्पाद प्रदर्शनी और तकनीकी ब्रीफिंग आयोजित की जायेंगी, जिससे सहयोगात्मक विकास का माहौल तैयार होगा।

**समस्या परिभाषा विवरण सेट जारी किया जायेगा:** रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पूर्वी कमान और एसआइडीएम के सहयोग से जल्द ही समस्या परिभाषा विवरण का एक व्यापक सेट जारी किया जायेगा। जो सेना की मौजूदा और उभरती परिचालन आवश्यकताओं को रेखांकित करेगा। इनमें निगरानी, गतिशीलता, संचार, साइबर रक्षा और बल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जायेगा। ये विवरण उद्योग हितधारकों को एक समर्पित वेबिनार के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे। ताकि विक्रेता अपनी समाधान-प्रस्तावना को वास्तविक समय की सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप कर सकें। यह वेबिनार टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 में पंजीकरण और भागीदारी के लिए एक लांचपैड के रूप में कार्य करेगा तथा परीक्षण और मूल्यांकन समर्थन के मार्ग खोलेगा।

### आर्थिक और तकनीकी सशक्तिकरण में भी योगदान

सेठ ने कहा कि टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 के माध्यम से भारतीय सेना न केवल अपनी परिचालन तत्परता को मजबूत करना चाहती है, बल्कि पूर्वी भारत के स्थानीय उद्योग और शिक्षाविदों को राष्ट्रीय रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में जोड़ कर क्षेत्र के आर्थिक और तकनीकी सशक्तिकरण में भी योगदान देना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पूर्वी भारत को भारत के रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करना भी है, जिससे राज्य को भविष्य में औपचारिक रक्षा औद्योगिक गलियारे में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

## न्यूज रील्स

### कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है। हारिस शनिवार सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किये थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। बताते चलें कि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ शुक्रवार रात से 'ऑपरेशन अखल' को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद शुक्रवार शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था।

# गुमला : आकांक्षी प्रखंड बनने पर डुमरी को मिला कांस्य पदक

**नीति आयोग ने किया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला को भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा 2018 में आकांक्षी जिला घोषित किये जाने के साथ ही डुमरी प्रखंड को भी आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया था। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क समेत 39 इंडिकेटर पर काम करने का निर्देश दिया गया था। जिला प्रशासन और डुमरी प्रखंड के कर्मियों ने ईमानदारी से इस कार्य को पूरा किया, जिसके परिणामस्वरूप डुमरी प्रखंड को भारत सरकार द्वारा कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के मद्देनजर गुमला जिला में एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन सभी को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पूरी ईमानदारी से अपना योगदान दिया।



**मेडल पहनाकर किया सम्मानित:** डुमरी प्रखंड के बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी को डीडीसी द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के निर्देश पर काम करते हुए डुमरी की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। अब यहां सड़कों, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बीडीओ ने यह भी बताया कि सभी ने पूरी निष्ठा से काम किया, रात-रात भर केंद्र में रहकर टीम भावना के साथ कार्य किया। डुमरी प्रखंड की प्रमुख ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड घोषित होने के बाद पूरे इलाके की तस्वीर बदल गयी है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों की समस्याओं को देखकर दुख होता था, लेकिन अब जो सुविधाएं मिल रही हैं, उससे बहुत खुशी हो रही है।

**टास्क चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पूरा हुआ:** जिला के उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि नीति आयोग द्वारा दिया गया टास्क चुनौतीपूर्ण था, लेकिन टीम ने ईमानदारी से काम करके बदलाव की कहानी लिखी। उन्होंने बताया कि पहले डुमरी के कई इलाकों तक पहुंच मुश्किल थी और कई समस्याएं थीं, लेकिन अब स्थितियां बेहतर हो गई हैं। इस कार्यक्रम के दौरान नगर भवन में आकांक्षी प्रखंड में किए गए कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए स्टॉल भी लगाये गये, जिसमें डुमरी में बन रहे सैनिटरी पैड काफी चर्चा में रहे।

### कांस्य पदक से खूंटी को 5 अगस्त को मिलेगा सम्मान

खूंटी (आजाद सिपाही)। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत खूंटी जिले को कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे तीन प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक से सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर आकांक्षा हाट एवं सम्मान समारोह का आयोजन खूंटी कचहरी मैदान में किया जायेगा। पूर्व में यह आयोजन 2 से 4 अगस्त तक प्रस्तावित था, लेकिन अब संशोधित तिथि के अनुसार यह कार्यक्रम 5, 6 एवं 7 अगस्त को आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में आकांक्षी मानकों में बेहतर कार्य करने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही स्थानीय उत्पादों और शिल्प को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विभिन्न स्टॉल लगाये जायेंगे।

ICFAI UNIVERSITY
The ICFAI University, Jharkhand
Grooming Professionals. With Values.
Admissions Open for CUET Applicants and Others with Special Scholarships Scheme
ICFAI Tech School
B.Tech | B.Tech (Lateral Entry) | Dip.in Tech. (Polytechnic)
BCA | BCA (DS & AI) | BCA (Cyber Security) | MCA
ICFAI School of Management
BBA | BBA (Business Analytics) | B.Com (Hons.)
MBA | Executive MBA | Ph.D (Part-time) in Management
ICFAI Education School BA (Hons.) English/ Economics
ICFAI Law School
Integrated BBA-LLB (Hons.) | Integrated BA-LLB (Hons.)
LLB | LL.M. (1 Year) | LL.M. (2 Years)
Upto 100% Scholarship for B.Tech Students
Call: 8709445599
www.iujharkhand.edu.in | Toll-free: 1-800-599-0767
Campus: The ICFAI University, Jharkhand, 2065, Daladali Chowk, Simalia, Near Ring Road, Ranchi - 835 222.






आजाद सिपाही

रांची, रविवार, 03 अगस्त, 2025

www.azadsipahi.in





# एटम बम है, तो तुरंत फोड़ दें राहुल : राजनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनाव आयोग पर बिहार में वोट चोरी का आरोप लगाने के लिए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि चुनाव आयोग बिहार में वोट चोरी में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो एटम बम की तरह है। इसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। पटना में मीडिया संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता आगे की प्रगति की ओर ले जाता है और दूसरा बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है।

राजनाथ सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि उनके पास एटम बम है। अगर ऐसा है तो उन्हें तुरंत उसे फोड़ देना चाहिए। उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खुद खतरे से दूर रहें। सिंह ने कहा कि देश को राहुल गांधी के पिछले बयान याद हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, उन्होंने (राहुल) संसद में भूकंप आने की धमकी दी थी, लेकिन जब उन्होंने अपनी बात रखी तो वह एक बेकार बात साबित हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निर्विवाद ईमानदारी के लिए प्रतिष्ठित है। सिंह ने कहा, राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता। राजनाथ ने कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनकी अपनी पार्टी के हाथ खून से रंगे हैं, जिसने 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की थी।



## राज्य को पटरी पर लाने में मदद

राजनाथ सिंह ने बिहार में 20 साल के शासन के दौरान राज्य को पटरी पर लाने में मदद करने के लिए गठबंधन के सहयोगी नीतीश कुमार की भी प्रशंसा की। सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अब बदहाल नहीं रहा। 'द इकोनॉमिस्ट' जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पत्रिका, जिसने कभी इस राज्य को भारत का पिछलग्गू बताया था, अब इसके बदलाव का जिक्र कर रही है। राजनाथ ने दावा किया कि 11 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से राज्य की प्रगति को और बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा, राजग सरकार ने अब तक बिहार को नौ लाख करोड़ रुपये की सहायता दी है, जबकि पिछली कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने एक दशक में केवल दो लाख करोड़ रुपये दिये थे।

## विकसित भारत का निर्माण

राजनाथ सिंह ने कहा, पीएम मोदी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह विकसित भारत के निर्माण में बिहार और सभी पूर्वी राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका देखते हैं। भाजपा नेता ने राज्य में व्याप्त उस निराशाजनक स्थिति को भी याद किया, जब फिरौती के लिए अपहरण एक कुटीर उद्योग बन गया था और व्यवसायी राज्य से भागने के लिए मजबूर हो गये थे। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय, जो आजादी के समय राष्ट्रीय औसत का 80 प्रतिशत थी, 2005 में राजग के सत्ता में आने तक घट कर 30 प्रतिशत से भी कम रह गयी थी। सिंह ने कहा कि आने वाले चुनाव बेहद अहम हैं। राज्य खुद को एक दोराहे पर खड़ा पाता है, जहां एक रास्ता सुनहरे भविष्य की ओर ले जाता है तो दूसरा उस निराशाजनक अतीत की ओर ले जाता है, जिसे उसने बहुत कष्ट सहने के बाद पीछे छोड़ा था।

# सोहराय और कोहबर कलाकृति की धमक राष्ट्रपति भवन तक पहुंची

- हजारीबाग की 10 महिलाएं पहुंची राष्ट्रपति भवन
- पुरानी सोहराय और कोहबर कलाकृति को किया जीवंत
- द्रौपदी मुर्मू ने की हजारीबाग की कलाकृति की तारीफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग की अपनी 5000 वर्ष से अधिक पुरानी सोहराय और कोहबर कलाकृति की धमक राष्ट्रपति भवन तक पहुंच चुकी है। जिले की 10 महिला कलाकारों ने 10 दिनों तक राष्ट्रपति भवन में रह कर हजारीबाग की लोक कलाकृति को जीवंत करने की कोशिश की है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हजारीबाग की लोक कला की तारीफ की है। साथ ही कहा कि महिलाएं परंपरागत अति प्राचीन लोक कला को जीवंत रखने का काम कर रही हैं और इसे आगे भी रहना है। राष्ट्रपति भवन में हुए कला उत्सव 2025 में हजारीबाग की दस महिला कलाकारों ने अपनी पारंपरिक सोहराय और कोहबर कला से सभी का मन मोह लिया।

**राष्ट्रपति भवन पहुंची ये महिलाएं :** 14 से 24 जुलाई तक चले इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद इन कलाकारों से मुलाकात की और उनकी कला की खूब तारीफ की। जिले की दस महिला कलाकारों में रुदन देवी, अनीता देवी, सीता कुमारी, मालो देवी, सजवा देवी, पार्वती देवी, आशा देवी, कदमी देवी, मोहिनी देवी और रीना देवी शामिल थीं। उन्होंने कपड़े पर मिट्टी के रंग और बांस से बने ब्रश से खूबसूरत चित्र बनाये। इनके चित्रों में पेड़, जानवर, पक्षी और आदिवासी जीवन की झलक दिखायी दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कलाकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी बनायी तस्वीरों में 'भारत की आत्मा की झलक है'। साथी उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। यह आयोजन राष्ट्रपति भवन की एक खास पहल थी, जिसे 'आवासीय कलाकार कार्यक्रम' का नाम दिया गया। रुदल देवी ने बताया कि गांव की महिला कभी बाहर तक नहीं गयी। वो हवाई जहाज से दिल्ली पहुंची और 10 दिनों तक राष्ट्रपति भवन में रखा गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति भवन बहुत ही सुंदर है। राष्ट्रपति भवन में जो स्वागत मिला उसे कभी नहीं भूला जा सकता है।



## सोहराय और कोहबर हजारीबाग की 5000 साल पुरानी लोक कला

सोहराय और कोहबर हजारीबाग की 5000 साल पुरानी लोक कला है, जिसे आज भी बड़कागांव के गुफा में देखा जा सकता है। इस पर शोध का काम भी चल रहा है। गांव के साथ अब शहर की दीवारों पर भी यह कलाकृति दिखती है। इस कलाकृति में पशु पक्षी वृक्ष को जगह दिया गया है। आदिवासी महिलाएं खास मौकों जैसे फसल कटाई या त्योहार में अपने घर के बाहर दीवारों पर ऐसी चित्र बनती हैं। इस कला को 2020 में जीआइ टैग भी मिला है। राष्ट्रपति से पुरस्कार मिलने के बाद उन्हें शुभकामनाएं देने वालों की भी कमी नहीं है। हजारीबाग के विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद और जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने इसे राज्य के लिए गौरव की बात कही है।

## एक हाथ कटा, फिर भी नहीं छोड़ी अपनी कला

रुदन देवी के बेटे भी कहते हैं कि मां का एक हाथ घर में ही दुर्घटना के दौरान काटना पड़ा था। दाहिना हाथ कटने के बाद भी मां ने कभी कला को छोड़ा नहीं। बायें हाथ से अभ्यास किया और आज यह मुकाम हासिल किया है। बड़कागांव प्रखंड के जोराकाठ की महिलाओं को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गांव की गलियों से निकल कर सोहराय और कोहबर कला ने ना सिर्फ स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी पहचान दिलायी।

# बीएलओ से सुपरवाइजर तक का मानदेय बढ़ा

## वोटर लिस्ट रिवीजन के कर्मियों को चुनाव आयोग का तोहफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन के बीच चुनाव आयोग ने बीएलओ समेत अन्य कर्मियों के मानदेय में दोगुना तक की बढ़ोतरी की है। बूथ लेवल पदाधिकारी (बीएलओ) को अब छह हजार की बजाय 12 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। वहीं वोटर लिस्ट रिवीजन के काम के लिए उन्हें अलग से छह हजार रुपये का विशेष भत्ता भी मिलता रहेगा। बीएलओ सुपरवाइजर के मानदेय को भी 12 हजार रुपये से बढ़ा कर 18 हजार रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा वरीय अधिकारियों जैसे एइआरओ और इआरओ को भी चुनाव आयोग भत्ता देगा। रिवीजन के काम के लिए जो बीएलओ को एक हजार रुपये का अतिरिक्त मानदेय मिलता था, चुनाव आयोग ने उसे भी बढ़ाकर दो हजार रुपये कर दिया है। इसके अलावा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (इआरओ) को 30 हजार रुपये और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एइआरओ) को 25 हजार रुपये का मानदेय देने का निर्णय लिया गया है। इन्हें अब तक कोई भत्ता या मानदेय नहीं मिल रहा था। शनिवार को आयोग ने इस संबंध में दिये गये आदेश की जानकारी दी। बता दें कि बीते 10 सालों से बीएलओ और सुपरवाइजर के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई थी। नया मानदेय देश भर में लागू होगा। बिहार से शुरू हुआ वोटर लिस्ट रिवीजन का काम अन्य राज्यों में भी होगा। इसे देखते हुए आयोग ने यह फैसला लिया है।




## बिहार में बीएलओ को कुल 24 हजार मिलेंगे

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हो रहे वोटर लिस्ट रिवीजन के दौरान बीएलओ को कुल 24 हजार का मानदेय मिलेगा। चुनाव आयोग की ओर से 12 हजार मानदेय के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए अलग से छह हजार रुपये विशेष भत्ता भी दिया जा रहा है। वहीं, बिहार की नीतीश सरकार ने भी पिछले महीने बीएलओ को एकमुश्त छह हजार रुपये की राशि देने का ऐलान किया था। इस तरह बीएलओ को कुल 24 हजार मिलेंगे।

# राष्ट्रपति सुरक्षा में चूक 4 पुलिसकर्मी निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। राष्ट्रपति के काफिले की कुछ गाड़ियों को कार्यक्रम स्थल की बजाय अन्य रास्ते से डायवर्ट किया गया था, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इस मामले में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

## सुरक्षा चूक की जांच शुरू

देवघर पुलिस ने मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की थी, जिसने रात में ही जांच शुरू कर दी थी। जांच के बाद देवघर यातायात थाना के दो पुलिस पदाधिकारियों सहित चार सुरक्षा पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

निलंबित पुलिसकर्मियों में यातायात थाना प्रभारी माइकल कोड़ा, एएसआई निर्भय सिंह और पुलिसकर्मी श्याम मंडल शामिल हैं।

जोनल आईजी का बयान

संताल परगना के जोनल आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा में कोई गंभीर इश्यू नहीं हुआ, लेकिन काफिले की कुछ गाड़ियां निर्धारित मार्ग की बजाय दूसरे रास्ते से पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जांच के बाद जिन अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की गलती सामने आई, उनके विरुद्ध कार्रवाई की गयी है।

सुरक्षा चूक का कारण- बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति के काफिले में शामिल गाड़ियों को दो हिस्सों में बांट देना सुरक्षा प्रोटोकॉल का सीधा उल्लंघन माना जा रहा है इस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई जारी है।

देवघर में राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक का यह मामला गंभीर है और इसकी जांच और कार्रवाई जारी है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आगे की जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और इस मामले में और क्या कार्रवाई की जाती है।

# खेत में धान रोपते दिखे तेज प्रताप

## महिलाओं और किसानों का जाना हाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पार्टी और परिवार से बेदखल चल रहे लालू यादव के बड़े बेटे और हसनपुर से विधायक तेज प्रताप इन दिनों जन संवाद यात्रा पर निकले हुए हैं। इस दौरान उनका अलग अंदाज देखने को मिला, जब वह पानी भरे खेत में उतर कर धान रोपने लगे। इस दौरान वह सफेद पायजामा-कुर्ता और पीली टोपी पहने हुए थे। किसान भी हैरान रह गये कि लालू के बड़े लाल खेत में उनके साथ धान रोप रहे हैं। इसका वीडियो तेज प्रताप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। तेज प्रताप ने लिखा कि आज जिला आरा के शाहपुर विधानसभा जन संवाद यात्रा के लिए जाने के क्रम में रास्ते में रुक कर धान फसल की रोपनी करते हुए किसान महिलाओं से उनका हाल-चाल जाना और साथ ही उनके साथ मैं भी खेत में जाकर धान फसल की रोपनी की।

इससे पहले तेज प्रताप ने भोजपुर जिले के बिहिया स्थित एक मैरेज हॉल में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उनकी टीम की ओर से शाहपुर विधानसभा सीट से मदन यादव को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है, जबकि यहां से राजद के विधायक राहुल तिवारी उर्फ मंटू तिवारी हैं।

तेज प्रताप वैशाली की महुआ सीट से चुनाव लड़ने का एलान कर चुके हैं।

बता दें राजद और परिवार से बाहर चल रहे तेज प्रताप कह चुके हैं कि वह अब इन सब बातों से आगे बढ़ चुके हैं। उन्हे कोई फर्क नहीं पड़ता है। जिन लोगों ने मुझे पार्टी से बाहर निकलवाया है, उन्हें भगवान देखेगा। मुझे अब जनता के बीच रहना है और चुनाव लड़ना है।

## मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक आयोजित

# झारखंड में मछली पालन की केंद्र संपोषित योजनाओं की गति संतोषप्रद : अबू बकर

- झारखंड में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार से मांगा सहयोग




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/कोलकाता।** राजीव रंजन सिंह केन्द्रीय मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा जॉर्ज कुरियन, राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में कोलकाता, (पश्चिम बंगाल) में क्षेत्रीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व अबु बक्कर सिद्दीख पी, सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किया गया। साथ ही निदेशक मत्स्य, डॉ.एचएन द्विवेदी भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में मत्स्य प्रक्षेत्र की केंद्र सरकार की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, एफआईडीएफ, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि-सह योजना आदि पर समीक्षा की गयी।

झारखंड के विभागीय सचिव अबु बक्कर सिद्दीख पी ने राज्य में मात्स्यिकी योजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए आगे की कार्य योजना के कई बिन्दुओं पर केंद्र सरकार/आइसीएआर-संस्थाओं एवं एनएफडीबी, हैदराबाद से सहयोग की अपेक्षा की गयी। इसमें हजारीबाग में आइसीएआर -सिफा के रिजनल सेंटर की स्थापना करने, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक स्वीकृत परियोजनाओं के विरुद्ध नॉन स्टार्टर परियोजनाओं के प्रत्यार्पण प्रस्तावों को स्वीकार कर, परियोजनाओं को गति प्रदान करने हेतु मांग के अनुसार पुनः आवंटित करने, राज्य में एक्वा पार्क एवं इंटीग्रेटेड रिजर्वायर डेवलपमेंट की योजनाओं के कार्यान्वयन की स्वीकृति प्रदान करने, राज्य में स्टेट आफ आर्ट के रुप में एक अत्याधुनिक एक्वेरियम हाउस की स्थापना हेतु भारत सरकार /आईसीएआर संस्थानों से परामर्श और विशेषज्ञ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अलावा कहा गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एक वृहत योजना है। इसके कार्यान्वयन के साथ-साथ पर्यवेक्षण भी आवश्यक है। पर्यवेक्षण हेतु एसपीयू-डीपीयू यूनिट द्वारा कार्य किया जाता है। इस मद में झारखंड राज्य को उपलब्ध करायी गयी राशि पर्याप्त नहीं है। इसलिए एसपीयू-डीपीयू का विस्तार वित्तीय वर्ष 2025-26 में करते हुए इस मद में पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने की मांग की गयी।

# तेजस्वी पर भाजपा-जदयू का तंज नौवीं फेल किसी और से नाम खोजवाते

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** वोटर लिस्ट के नये ड्राफ्ट को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा वार कर तेजस्वी यादव बुरे फंस गये हैं। ड्राफ्ट में नाम नहीं होने के आरोप को चुनाव आयोग ने ना सिर्फ खारिज कर दिया, बल्कि नेता प्रतिपक्ष के बयान को भ्रामक बताया है। इधर एनडीए को तेजस्वी यादव के खिलाफ बैठे-बैठे बड़ा मौका मिल गया है। बीजेपी और जदयू दोनों दलों के प्रवक्ताओं ने तेजस्वी यादव पर डबल अटैक कर दिया है। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव को राजनीति का फरेबी और जालसाल करार दिया है। बयान जारी करके उन्होंने कहा है कि मजिस्ट्रेट चेकिंग में राजनीति का जालसाज पकड़ा गया। 420 के आरोपी तेजस्वी यादव ने कहा कि ड्राफ्ट में उनका नाम नहीं है। चुनाव आयोग ने इसका जवाब दे दिया है। वे झूठ बोलते हैं और फरेब करते हैं। उन्हें इस कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। जो हर मतदान केंद्र पर बीएलए बहाल नहीं कर पाया, वह अनर्गल अलाप कर रहा है। वोट मिलना नहीं है, तो ठीकरा किसी और पर फोड़ रहा है। बीजेपी प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी तेजस्वी यादव पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि तेजस्वी यादव देश के दूसरे पप्पू बन गये हैं। हार की हताशा में मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इस वजह से ड्राफ्ट में नाम नहीं मिला और इलेक्शन कमीशन पर बयानवीर बन गये। दरअसल वे कैसे खोज सकते हैं। नौवीं फेल को कितनी समझ हो सकती है कि नेट पर नाम खोज सकें। उन्हें अपने किसी पढ़े-लिखे आसपास के आदमी से खोजवाना चाहिए था। अपनी मूर्खता के कारण खुद शर्मसार हो रहे हैं और बिहार को भी बदनाम कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष को शर्म आनी चाहिए।





दरअसल शनिवार को तेजस्वी यादव ने वोटर लिस्ट के नये ड्राफ्ट को लेकर प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पोर्टल पर उनका एपिक नंबर से सर्च करने पर नॉट फाउंड रिजल्ट देता है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब उनका नाम ड्राफ्ट से काट दिया गया, तो आम गरीब जनता का क्या होगा। उन्होंने चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप भी लगाये। उसके बाद चुनाव आयोग ने तेजस्वी के बयान को भ्रामक बताते हुए तेजस्वी के नाम और तस्वीर वाले वोटर लिस्ट की कॉपी जारी कर दी।

इधर पटना जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि माननीय नेता प्रतिपक्ष का नाम प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज है। वर्तमान में उनका नाम मतदान केंद्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, क्रम संख्या 416 पर अंकित है। पूर्व में उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केंद्र संख्या 171, क्रम संख्या 481 पर दर्ज था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 29.0 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.31 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.19 बजे | |



## लोगों को अवैध तरीके से अमेरिका भेजनेवाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा

# किंगपिन समेत गिरोह के पांच सदस्यों को दबोचा

13 लोगों को अवैध तरीके से भेज चुका है अमेरिका

चार टाटीझरिया, जबकि एक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रहनेवाला है

दीपक सिंह




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर अमेरिका भेजने वाला अंतराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच लोगों को धर दबोचा है। इसमें चार टाटीझरिया थाना जबकि एक मुफ्फसिल थाना के मेरु के रहने वाले हैं। यह गिरोह अब तक 13 लोगों को अवैध तरीके से अमेरिका भेज चुका है। यह गिरोह अवैध तरीके से मोटी रकम लेकर अमेरिका भेजता था। हजारीबाग पुलिस ने इस टीम के किंगपिन टाटी झरिया के भराजो निवासी उदय कुमार कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। उदय अमेरिका का नागरिक है और इसके पास ओवरसीज सिटीजनशिप का भी कार्ड है। हजारीबाग पुलिस को आवेदन के जरिए जानकारी दिया गया कि गलत तरीके से डोंकी रूट के सहारे यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका भेजा जा रहा है। नवंबर माह में एक व्यक्ति को अमेरिका से स्वदेश भारत भेजा। उन्हीं में से एक सोनू कुमार के आवेदन को जांच कर पुलिस ने बड़े गिरोह का खुलासा किया है।

हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि टाटीझरिया का रहने वाला उदय कुमार कुशवाहा पिछले 45 साल से यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में रहकर व्यवसाय कर रहे थे। नौकरी दिलाने का झांसा देखकर फर्जी तरीके से डोंकी रूट से लोगों को अमेरिका भेजने का काम करते थे। आरोपी उदय ने अब तक 12 लोगों को डोंकी रूट के सहारे अवैध तरीके से अमेरिका भेजा है। पुलिस ने उसे और उनके अन्य चार सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

हजारीबाग एसपी ने यह भी जानकारी दिया कि सोनू कुमार आरोपी उदय के रिश्तेदार विकास कुमार और पिंटू कुमार को आगे पीछे दिल्ली से ब्राजील का फ्लाइट से भेजा गया। ब्राजील पहुंचने के बाद चोरी छिपे रोड नदी के रास्ते पेरू, कोलंबिया, पनामा से होते हुए ग्वाटेमाला देश लाया गया। 50 दिनों तक माफिया के कब्जे में रखा गया। उस दौरान एक समय का खाना दिया जाता था। उसे कंटेनर में छुपा कर रखा गया था।

इसी दौरान माफिया उदय कुमार कुशवाहा ने वादी सोनू के पिता से उसे छोड़ने के एवज में 45 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित परिवार ने 45 लाख रुपया माफिया के परिजनों को दिया। इसी समय पीड़ित युवक सोनू को अमेरिका सीमा पार करने के दौरान पुलिस ने पकडकर डिटेंशन सेंटर में रख लिया। 4 महीने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के बाद उसे भारत को सौंप दिया गया। जब भारत आया तो उसने लिखित शिकायत हजारीबाग पुलिस को दी, इसके बाद पूरे नेक्सस का खुलासा हुआ है।

हजारीबाग पुलिस ने इस पूरे गिरोह के किंगपिन भराजो निवासी उदय कुमार कुशवाहा के साथ बुध बाजार के दर्शन प्रसाद, केसरा के लालमोहन प्रसाद, भराजो के चौहान प्रसाद और मेरु के शंकर प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। इस सिंडिकेट के अन्य सदस्य को भी गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है।

हजारीबाग पुलिस ने यह जानकारी दी है कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 लोगों को अब तक उदय कुमार कुशवाहा और उनके सहयोगियों के द्वारा डोंकी रूट से अमेरिका भेजने का काम किया है। जिसमें दिगंबर कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, नंदू कुमार, पप्पू कुमार, चंदन कुमार, शंभू दयाल, पृथ्वीराज कुशवाहा, संजय वर्मा, सुमन सौरभ प्रसाद, प्रवीण कुमार, अरुण कुमार और धीरज कुमार शामिल है।

**छापामारी दल में ये थे शामिल :** एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद, टाटी झरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एसआइ पवन कुमार, मुफ्फसिल प्रभारी कुणाल किशोर के अलावा अन्य शामिल थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
CCL Fuelling Sustainable Growth

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## झारखंड में फिर मॉनसून सक्रिय हुआ, 12 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में मॉनसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों में गर्जन और आंधी के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। इन जिलों में गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं। इन जिलों में हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। झारखंड में मॉनसून अब तक 778।8 मिमी बरस चुका है, जो सामान्य से 48 प्रतिशत अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार, 3 अगस्त को रांची में बादल छाए रहेंगे और एक या दो बार हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। पूर्वी सिंहभूम में अब तक सबसे अधिक 111 फीसदी अधिक बारिश हुई है। इससे बाद सरायकेला-खरसांवा में सामान्य से 101 फीसदी अधिक बारिश हुई है। सिर्फ पाकुड़ में समान्य से 17 फीसदी कम बारिश हुई है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# साहिबगंज में 31 लोगों को ले जा रही नाव पलटी, एक का शव बरामद, तीन लापता

आजाद सिपाही संवाददाता



**साहिबगंज।** गंगा नदी में नाव पलटने से चार लोग पानी में डूब गये। एक युवक का शव निकाला जा चुका है? वहीं तीन लोग अभी भी लापता है। नाव पर कुल 31 लोग सवार थे। पूरी घटना गंगा नदी थाना क्षेत्र के गदाई दियारा की है।

गदाई दियारा में उफनती गंगा में नाव पलटने से 31 लोग गंगा में गिर गये। 31 लोगों में से 28 तैरकर बाहर निकल आये, लेकिन चार लोग गंगा में डूब गये। साथ आये युवकों ने एक युवक को बाहर निकाला, लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। वहीं तीन लोग अभी भी लापता हैं। डूबने वाले चारों युवक आदिवासी हैं। घटना सुबह साढ़े सात बजे की है।

ग्रामीणों के अनुसार, जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर रांगा थाना क्षेत्र के बरहड़वा प्रखंड स्थित बिंदुवासनी मंदिर के पास एक गांव के 17 आदिवासी युवक चूहे मारने के लिए घर से निकले थे। वे सुबह-सुबह महाराजपुर गंगा घाट पहुंचे और नाव पर सवार होकर गंगा पार की। फिर वापस लौटते समय इन आदिवासी युवकों के अलावा स्थानीय लोग भी नाव पर सवार हुए। नाव पर कुल 31 लोग सवार थे। नाव पर आवश्यकता से अधिक लोगों के सवार होने के कारण उफनती गंगा में नाव असंतुलित हो गयी और पलट गयी। सभी लोग तैरकर बाहर निकल आये, लेकिन चार आदिवासी युवक पानी में डूब गये।

कुछ युवकों ने किसी तरह गंगा में डुबकी लगा कर काहा हांसदा नामक युवक को बाहर निकाला। लेकिन उनके साथ आये कृष्णा, जमाई और एक अन्य व्यक्ति को बाहर नहीं निकाला जा सका। वहीं निकाले गये काहा हांसदा की मौत हो चुकी है। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी है।

सपना दामुदा, सुबरा मरांडी और राम किस्कू ने बताया कि वे लोग सुबह-सुबह चूहे पकड़ने निकले थे। कुल 17 साथी आये थे। बरसात के मौसम में बिल में पानी भर जाने पर चूहे बाहर निकल आते हैं। इसी सोच के साथ वे दियारा आये थे। उन्हें पता ही नहीं था कि गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। नाव पर कुल 31 लोग सवार थे. जिसमें हमारे चार साथी डूब गये। एक को बचा लिया गया है।

साहिबगंज डीसी हेमंत सती ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम बाढ़ खत्म होने तक साहिबगंज में डेरा डाले रहेगी। यह टीम पटना के बिहटा से आ रही है। गृह मंत्रालय से मांग की गयी थी, जिसे मंजूरी मिल गयी है? एनडीआरएफ की टीम जान-माल की रक्षा करेगी। फिलहाल, गोताखोरों के जरिए गंगा में डूबे लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

# विधायक अनंत प्रताप देव अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/गढ़वा।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती हैं। झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने शनिवार को उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि फिलहाल उनकी स्थिति अच्छी है। उन्होंने कहा कि मां गढ़देवी की कृपा से उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव के विशेष सहयोगी मुक्तेश्वर पांडेय ने बताया कि 31 जुलाई की रात अचानक उनके सिर में दर्द शुरू हुआ था। उन्होंने सबसे पहले अपने फैमिली डॉक्टर से बात की। उनकी सलाह पर मेडिका अस्पताल चले गये, वहां जांच करने पर ब्लड प्रेशर और शुगर का लेवल हाई पाया गया। लिहाजा, उन्होंने अस्पताल में भर्ती कर लिया गया।



## मां गढ़देवी की कृपा से स्वास्थ्य में हो रहा सुधार : मिथिलेश ठाकुर

झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी दी है कि भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव का रांची स्थित मेडिका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल पहुंच कर उन्होंने अनंत प्रताप देव से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मां गढ़देवी की कृपा से उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। हम सबके लिए यह सुखद बात है। हम सबकी दुआएं और शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

मुक्तेश्वर पांडेय ने बताया कि कंधे के पास नस में स्वेलिंग हुई थी। अब उनकी तबीयत बिल्कुल ठीक है। सारा चेकअप हो गया है। उनका इलाज डॉ अमित कुमार की देखरेख में चल रहा है। डॉक्टर ने 3 अगस्त को डिस्चार्ज करने को कहा है।

## प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग का 6 अगस्त को राजभवन के समीप महाधरना

# पिछड़ों के आरक्षण की सीमा बढ़ाने पर भारत सरकार चुप्पी साध कर बैठी है: प्रदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आजादी के समय यदि भाजपा का शासन होता तो पिछड़ा दलित आदिवासी और वंचित समाज के लिए संविधान में आरक्षण और उनके मूल अधिकार का समावेश नहीं होता। उक्त बातें शनिवार को कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव रांची स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड में आदिवासी के लिए 28 दलितों के लिए 12 और पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था के अनुशंसा है और ईडब्ल्यूएस के 10 प्रतिशत को मिलाकर यह 77 प्रतिशत होता है जिस पर भारत सरकार कुंडली मारकर बैठी है। इसके लिए हमारे संघर्ष की पहली लड़ाई राजभवन के सामने ओबीसी विभाग की अगुवाई में 6 अगस्त को महाधरना और प्रदर्शन के माध्यम से शुरू होगी इसमें पूरी कांग्रेस शामिल होगी। निजीकरण और आउटसोर्सिंग के माध्यम से हमारी हिस्सेदारी समाप्त की जा रही है हम उसका भी विरोध करते हैं आवश्यकता पड़ी तो हम यह लड़ाई दिल्ली तक लड़ेंगे। उन्होंने मोदी सरकार पर झारखंड में आरक्षण मे वृद्धि संबंधित विधेयक को लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में लगभग 55 प्रतिशत पूरे देश में 52 प्रतिशत आबादी पिछड़ों की है। संविधान में भी स्पष्ट रूप से पिछड़ों को शैक्षणिक आर्थिक सामाजिक रूप से संबल बनाने के लिए आरक्षण का प्रावधान है। कांग्रेस ने खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को लेकर वंचित समाज को हक दिलाने के लिए संघर्ष छेड़ा है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है कि जब 50 प्रतिशत आरक्षण के बैरिकेडिंग को हटाया जाए। 1993 में तमिलनाडु की सरकार ने 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को तोड़ते हुए 69 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। केंद्र में नरसिम्हा राव के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की सरकार ने 1994 में 76 वां संविधान संशोधन करके उसे नौवीं अनुसूची में डाला और उसे कानून का रूप दिया। आज 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण को मिलाकर तमिलनाडु में 79 प्रतिशत आरक्षण है। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जब भारत सरकार 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को तोड़कर ईडब्ल्यूएस को आरक्षण दे सकती है तो जिसकी आबादी 50 से 60 प्रतिशत के बीच है उसके लिए सीमा क्यों नहीं तोड़ी जा सकती, कानून में संशोधन क्यों नहीं किया जा सकता है। अभी कई राज्यों ने जिसमें झारखंड सहित कर्नाटक, हरियाणा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ ने अपने विधानसभा से इस सीमा को तोड़ने का प्रयास किया है। भारत सरकार इस पर चुप्पी साध कर बैठी है। हम इस चुप्पी को तोड़ना चाहते हैं। मोदी जी चुप्पी को तोड़े और सचमुच यदि इस देश के बड़े वर्ग के लिए कुछ करना चाहते हैं तो आरक्षण की लक्ष्मण रेखा को मिटायें। झारखंड में भी 2 वर्ष पहले दो-दो बार विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित कराकर इस आरक्षण को तोड़ा गया लेकिन पहले राजभवन इस पर चुप था और अब केंद्र चुप है। हम इस चुप्पी को तुड़वाने का प्रयास करेंगे। हम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने पिछड़ों को शैक्षणिक,सामाजिक आर्थिक रूप से संविधान में जगह दिया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, अभिलाष साहू, राजन वर्मा उपस्थित थे।

# कांग्रेस की चाल,चरित्र और चेहरा पिछड़ा विरोधी है : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने शनिवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा पिछड़ा विरोधी है। पिछड़ों का विरोध कांग्रेस पार्टी के डीएनए में शामिल है। कांग्रेस पार्टी फिर से पिछड़ा समाज का हितैषी बनने का दिखावा कर रही है। सांसद साहू ने भाजपा पार्टी कार्यालय में आज कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने पिछड़ा वर्ग आयोग को कभी भी संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिसे वीपी सिंह की सरकार ने लागू किया। उन्होंने कहा कि एक परिवार को महिमा मंडित करने में अनेक विद्वान और जनाधार वाले पिछड़े नेताओं को कांग्रेस पार्टी ने बार बार अपमानित किया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पिछड़ों की हितैषी बनने का नाटक कर रही जबकि कांग्रेस समर्थित हेमंत सरकार में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया बिना पिछड़ा समाज के आरक्षण के संपन्न हुए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो पिछड़ों के आरक्षण को मुस्लिम समाज के लिए आरक्षित कर रही है और झारखंड में पिछड़ों के हित की बात कर रही। यह तो साफ तौर पर उसकी नियत को दिखाता है। उन्होंने कहा कि आज तक राज्य सरकार ने ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जो आरक्षण के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए पहली संवैधानिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदीप यादव को पता होगा कि बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में जिसमें वे स्वयं भी शामिल थे, पिछड़ों के आरक्षण को बढ़ाने की कोशिश की गयी थी। लेकिन कोर्ट के निर्देश में इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों के कल्याण के लिए समर्पित है। आज 11 वर्षों से पिछड़ा समाज से आने वाले गरीब का बेटा भारत का लोकप्रिय प्रधानमंत्री है। उनके कैबिनेट में दर्जनों मंत्री पिछड़े समाज से हैं। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अगर पिछड़ों की चिंता है तो राज्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिलाना सुनिश्चित करे। केवल बयानबाजी से पिछड़े समाज का कल्याण नहीं होगा। उसे धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी भी राज्य सरकार की है।

# सरला बिरला विवि के छात्रों को मिला रिकॉर्डतोड़ प्लेसमेंट

## कई नामी-गिरामी कंपनियों में छात्रों को मिली नौकरियां

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के छात्रों का इस साल प्लेसमेंट रिकॉर्ड काफी बेहतरीन रहा। नौकरियां पाने में यहाँ के छात्रों ने कीर्तिमान गढ़ा है। देश भर कि कई नामी गिरामी कंपनियों में यहाँ के छात्रो ने बेहतर पैकेज पर नौकरियां पाने में सफलता प्राप्त की है।विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन के निर्देशन में विवि का प्लेसमेंट विभाग लगातार छात्रों का करियर संवारने हेतु प्रयासरत है। इस साल अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 417 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है। यह प्रक्रिया अब भी जारी है। इस वर्ष कड़ी स्पर्धा के बीच विवि के विद्यार्थियों ने डेलोइट, एक्सेंचर, टीसीएस, विप्रो, डी मार्ट, स्ट्रेडा, बिरला ओपस, लीप , चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक, आईटीसी, एक्सिस बैंक, क्रॉस लिमिटेड, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, बर्जर पेंट्स, आर्टेक एलएलपी, टाटा कैपिटल, टाटा एआईजी, फर्स्ट चॉइस रेडीमिक्स, ईएसएल स्टील लिमिटेड वेदांता जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की है। टीसीएस बीपीएस में विवि के 67, एसेंचर में 28, टाटा कैपिटल में 32, अर्नेस्ट एंड यंग मे 13, टीसीएस स्मार्ट और इग्नाइट मे 19, विप्रो डब्ल्यूआईपीएल में 17, इनटेलीपाट में 16, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल में 10, ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड में 10, हाइक एजुकेशन में 10, गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड में 4, आईडीबीआई बैंक में 5, अपोलो टायर्स लिमिटेड में 17 और डीमार्ट में 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान समेत माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# सरायकेला पुलिस को मिली बड़ी सफलता,माओवादी ठिकाने से 125 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद

**कुचाई (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में पुलिस को माओवादी उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है।शनिवार को पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कुचाई थाना क्षेत्र के दलभंगा ओपी अंतर्गत पहाड़ी इलाके से माओवादियों ने विस्फोटक सामग्री बरामत कर लिया।मिली जानकारी के अनुसार सरायकेला खरसावां पुलिस, चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सिकरम्बा गांव के पास तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक स्टील कंटेनर में छिपाकर रखे गए 125 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट पाउडर बरामद किए गये।सुरक्षा की दृष्टि से बम निरोधक दस्ते की सहयोग पर विस्फोटक सामग्री को नष्ट किया गया। इस मामले में आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस की यह अभियान माओवादियों के मंसूबों पर करारा प्रहार माना जा रहा है। इससे क्षेत्र में सुरक्षा बलों का मनोबल और भी मजबूत होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### आरयू के पीजी केमिस्ट्री विभाग में नेशनल केमिस्ट्री डे मनाया गया

# विज्ञान की प्रगति और युवाओं का शोध देश को आत्मनिर्भर बनायेगा: कुलपति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस परिसर में शनिवार को पीजी केमिस्ट्री विभाग में नेशनल केमिस्ट्री डे मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति रांची विश्वविद्यालय डॉ डीके सिंह थे। नेशनल केमिस्ट्री डे भारतीय रसायन शास्त्र के पितामह आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे की जयंती पर 2 अगस्त को मनायी जाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएफए विभाग के छात्रों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान और कुलगीत के बाद द्वीप प्रज्वलन से किया गया।



कुलपति डॉ डीके सिंह ने इस आयोजन के लिए पीजी केमिस्ट्री विभाग हेड डॉ एके डेल्टा, डॉ स्मृति सिंह तथा सभी विभागीय शिक्षकों का आभार जताया। उन्होंने आचार्य पीसी रे को याद करते हुए अपने संबोधन में कहा कि देश ने आजादी के बाद तेजी से विज्ञान में प्रगति की है। देश द्वारा कोविड का प्रभावी वैक्सीन निर्माण यह साबित करता है कि भारत रसायन विज्ञान के क्षेत्र में कितना आगे है। आज के युग में विज्ञान और शोध ही हमें सर्वोच्च और आत्मनिर्भर बनाता है।

इस आयोजन में स्वागत भाषण पीजी केमिस्ट्री विभाग के हेड डॉ एके डेल्टा ने दिया और उन्होंने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रो डॉ रणजीत कुमार सिंह ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे के प्रयासों तथा भारत में उनके योगदानों को बताया।

पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार मिश्र ने कहा कि आचार्य रे देश के लिए सोचने वाले रसायनज्ञ थे। उनके उनके रिसर्च को और आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के शिक्षक मनोज कुमार शर्मा द्वारा आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे की जीवनी पर बनी एक शार्ट फिल्म भी दिखायी गयी। आयोजन का संचालन पीजी केमिस्ट्री की प्राध्यापक डॉ स्मृति सिंह ने किया। आभार ज्ञापन साइंस डीन डॉ वंदना ने किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू सह डायरेक्टरआइक्यूएसी प्रो सुदेश कुमार साहू, केमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक डॉ नीरज, डॉ नीलम, राकेश शर्मा, डॉ राजकुमार, डॉ शिप्रा, डॉ सोनी तिवारी, प्रो नितिश प्रियदर्शी, डॉ आनंद ठाकुर, डॉ आशीष कुमार झा आदि उपस्थित रहे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम्- 2025

# नन्हे सितारों ने बिखेरी मनमोहक छटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में शनिवार को वात्सल्यम्- 2025 ग्रैंडपैरेंट्स डे का आयोजन हर्षोल्लास एवं स्नेहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस वर्ष का आयोजन चतुर्भुज - पीलर्स ऑफ सक्सेस थीम पर आधारित रहा, जिसमें चार प्रमुख जीवन मूल्यों को मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी के बीच प्रेम, संबंध और जीवन मूल्यों को प्रगाढ़ करना था।

इस कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के महानिदेशक प्रो (डॉ) गोपाल पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात नन्हें विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया। मंच पर विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों को डेप्युटी लिट्रेरी सेक्रेटरी द्वारा



प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा सिमरन तथा भूमि केशरी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जिन्होंने नीट (राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा) में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। यह पल सभी के लिए प्रेरणादायी रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में नर्सरी के बच्चों ने एटरनल बॉन्ड शीर्षक के अंतर्गत दादा-दादी और पोते-पोतियों के विशेष रिश्ते पर भावनात्मक प्रस्तुति दी। केजी ए के छात्रों ने यूनिटी बीट्स के माध्यम से एकता की शक्ति को ताल और लय के द्वारा प्रस्तुत किया। इसके बाद केजी बी के बच्चों ने कदम से कदम मिलाएं शीर्षक पर प्रस्तुति दी, जिसने यह संदेश दिया कि नियमित अभ्यास से सफलता संभव है। अंत में केजी सी के विद्यार्थियों ने मोशन मैट्रिक्स के तहत समय प्रबंधन के महत्व को सुंदर और रचनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया। इन सभी प्रस्तुतियों में बच्चों ने चार प्रमुख जीवन स्तंभों - प्रेमपूर्ण संबंध, एकता, अभ्यास और समय प्रबंधन को रचनात्मकता और ऊर्जा से जीवंत किया।

कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की झलक ने उत्सव को विशेष आकर्षण प्रदान किया। भगवान कृष्ण की झांकियों एवं नृत्य से पूरा परिसर भक्तिमय और आनंदमय हो उठा। रांची स्थित वृद्धाश्रम अपना घर के सदस्य भी बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित थे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए उन्हें आभार स्वरूप उपहार भेंट किये गये। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी दादा-दादी एवं अभिभावकों को उनके सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह प्रस्तुति केवल बच्चों के हुनर का परिचय नहीं थीं, बल्कि उनमें जीवन के अमूल्य संदेश भी छिपे थे। यह आयोजन हमारे संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों को बच्चों में रोपित करने का एक सुंदर प्रयास है।

### विधायक ममता देवी ने अपने गांव होहद में की धनरोपनी, कहा

# मैं भी इसी मिट्टी की बेटी हूं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी जी ने शनिवार को दुलमी प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव होहद में परंपरागत तरीके से धान रोपनी कर ग्रामीण संस्कृति और किसान जीवन से अपने जुड़ाव को एक बार फिर दशार्या। इस अवसर पर गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने पारंपरिक लोकगीत गाते हुए धनरक्ति में विधायक महोदया का साथ दिया। खेतों में धान की बिचड़ियां रोपते हुए वातावरण में एक सांस्कृतिक उत्सव का माहौल बन गया। विधायक ममता देवी ने कहा मैं भी आपकी तरह इसी मिट्टी की बेटी हूँ, खेत,



खलिहान और आपकी मेहनत से मेरा गहरा नाता है। आपके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी हूँ, क्योंकि यही मेरा फर्ज भी है और पहचान भी। जनता से जुड़ाव केवल मंचों पर भाषण देने से नहीं होता, बल्कि उनके जीवन में सहभागी बनकर, उनके साथ खड़े होकर ही असली सेवा होती है। यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए न केवल प्रेरणादायी रहा, बल्कि यह भी दशार्ता है कि विकास और नेतृत्व की जड़ें तभी मजबूत होती हैं जब वे माटी से जुड़ी होती हैं। मौके पर करदीप महतो, गुड़िया महतो, मोहन महतो, गायत्री देवी, शकुंतला देवी, कनिता देवी, रानी देवी, मानो देवी, रुकमणि देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## एसोसिएशन ने फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वोकेशनल टीचर एसोसिएशन ने रसायन शास्त्र दिवस पर फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान के महान विभूति प्रफुल्ल चन्द्र राय की रंगोली बनाने पर शनिवार को सम्मानित किया। मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पांडेय ने बताया कि फाइन आर्ट्स और म्यूजिक के विद्यार्थी लगातार विश्वविद्यालय के लिए बहुमूल्य समय और कला का योगदान देकर सुंदर रंगोली सहित अन्य सहयोग करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सीवीएस के की ओर से इनका केवल इस्तेमाल किया जाता है। पूर्व कुलपति की ओर से दो से बार इनाम देने की भी बात कही गयी थी, लेकिन इन छात्रों को और फाइन आर्ट्स विभाग को कोई लाभ नहीं दिया गया। इसे लेकर एसोसिएशन ने छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें सम्मानित किया। एसोसिएशन के डॉ सुरजीत घोषाल ने कहा कि फाइन आर्ट्स विभाग के शिक्षकों के अभाव में भी विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा दे रहे हैं। लेकिन उन्हें प्रोत्साहन के साथ गुणवत्तापूर्ण माहौल की भी जरूरत है। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिये। सम्मानित होनेवाले छात्रों में तुषार पांडेय, दिव्या श्रीवास्तव, नीलम कुमारी, एकता रानी सहित अन्य, शामिल हैं। वहीं मौके पर म्यूजिक के प्राध्यापक मनीष , फाइन आर्ट्स के विवेक दास, अवधेश ठाकुर, सुनील कुमार झा उपस्थित थे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में अंतर्विद्यालयी लोकनृत्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकनृत्य एक क्षेत्र या समुदाय के लोगों द्वारा पारंपरिक रूप से किया जाने वाला एक नृत्य है, जो किसी विशेष संस्कृति, इतिहास या जीवन शैली को दर्शाता है। इन्हीं विशेषताओ को रांची के विभिन्न स्कूल के छात्रों ने अपनी अद्भुद नृत्य क्षमता एवं जीवंत रूप द्वारा प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को निरंतरता प्रदान करना था। कार्यक्रम में शारदा ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने वेल्कम डांस प्रास्तुत किया। इसके बाद छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर सभी को सम्मोहित कर दिया। इस



मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शलिनी विजय, गुरु गोविंद पब्लिक स्कूल, पारोमिता साहा, लोयला स्कूल, डॉ पल्लवी सिंह, ग्रीनलैंड स्कूल उपस्थित थे थीं इसके अलावा शारदा ग्लोबल स्कूल के डाइरेक्टर दीपक बंका एवं अनुज रंजन, डाइरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका एवं आकांक्षा सिन्हा उपस्थित थे। छात्रों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्यों में से विशिष्ट नृत्य के चयन के लिए निर्णायक मंडली में मिस के प्रमिला, शीतल उरांव, दिनेश कुमार देवघरिया ने अपने-अपने अंक देकर सर्वश्रेष्ठ नृत्य विजेताओं के नाम की उदघोषणा की।

# श्री गजराज पूजा समिति ओटीसी ग्राउंड रांची ने भूमि पूजन कर पूजा पंडाल की नींव रखी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अग्रिम गणपति पूजा के अवसर पर शनिवार को श्री गजराज पूजा समिति, ओटीसी ग्राउंड, रांची का भूमिपूजन कर पंडाल का नींव रखी गयी। इस मौके पर पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदित्य विक्रम जयसवाल उपस्थित हुए साथ ही अमित ओझा, बंटी सिंह राजपूत, गोपाल सरण सिंह, एवं प्रणव सिंह ने बैठकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर भगवान बजरंगबली जी का झंडा गाड़ा। आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री



गजराज पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य द्वारा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

मौके पर बंटी सिंह राजपूत ने कहा कि सभी पदाधिकारी के सहयोग से इस बार पूजा काफी भव्य रूप से की जा रही है और झूला एवं बच्चो के लिए भी मनोरंजन की चीजे रहेंगी। साथ ही प्रभु का जागरण भी आयोजित किया गया है।

पूजा समिति के संस्थापक मुक्कू सिंह ने कहा कि हमने हर बार की भांति इस बार भी पूजा का आयोजन जारी रखा है। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह, संस्थापक मुक्कू सिंह, महामंत्री सुमित श्रीवास्तव, राहुल पाठक, पंडाल प्रभारी जगन्नाथ जग्गा, मोनू ओझा, अनुराग गुप्ता, युवा प्रभारी विशाल कुमार, नंदकिशोर सिंह चंदेल, अभिमन्यु सिंह, जॉर्डन, सनी, शुभम ओझा, बाबू ओझा, सोना पंडित आदि लोग भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद थे।

# पुरस्कार वितरण समारोह स्पार्कल का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट थॉमस स्कूल धुर्वा के प्रेक्षागृह में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह स्पार्कल का आयोजन किया गया। इस इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर जोसेफ मारियानास कुजूर (डायरेक्टर ऑफ जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस) आमंत्रित थे। इसके अतिरिक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य रेव थॉमस के थॉमस उप प्रधानाचार्य जेस्सी जैकब एमटीइएस के सदस्य, संत थामस संकुल हरदाग के प्रधानाचार्य रेव एनिकस जानसन, संत थामस संकुल कुली प्रशासक रेव अश्विन जैकब, विद्यालय के सभी शिक्षक तथा अभिभावक भी उपस्थित थे।





कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना और मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक संदेश द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तदुपरांत पुरस्कार वितरण हुआ। आइसीएसइ बोर्ड की परीक्षा में अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान, ओजस्वीनी अग्रवाल ने द्वितीय स्थान और आदित्य राज ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मिसेज एमएस सिन्हा, अक्षय निधि पुरस्कार (बहुमुखी प्रतिभावान छात्रा) ओजस्वीनी अग्रवाल तथा मिसेज श्रीनीवासन अक्षय निधि पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ अनुशासित तथा शैक्षणिक उपलब्धि हेतु) अनुष्का गुप्ता को प्रदान किया गया। इस अवसर पर केजी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के प्रथम आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति का महाधरना

# झारखंड में अनुसूचित जाति को दबाया जा रहा है : बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति की ओर से शनिवार को राजभवन के समीप एक दिवसीय महाधरना दिया गया। अपनी 17 सूत्री मांगों के समर्थन में राज्य स्तरीय महाधरना में राज्य भर से अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने भाग लिया। मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह पहली बार है जब राजनीतिक दलों से आगे बढ़कर अनुसूचित जाति समाज के सभी लोग एक मंच के नीचे पहुंचे हैं। इसका मतलब है कि आज भी राज्य में अनुसूचित जाति के लोगों को दबाया जा रहा है। और समुदाय को मिलने वाले हकझ्रअधिकार से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में अनुसूचित जाति आयोग की स्थापना हो चुकी है, लेकिन



वर्तमान सरकार ने पिछले छह वर्षों में अध्यक्ष का चयन नहीं किया है। जनसंख्या के अनुपात में 12 प्रतिशत अनुसूचित जाति का आरक्षण तत्काल लागू किया जाये। चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति का आरक्षण सुनिश्चित किया जाये। साथ ही राज्य में अनुसूचित जाति समाज के लोगों को उनका आय और जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है इसको लेकर भी समाज के लोग एकजुट होकर अपनी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में मानसून सत्र चल रहा है और हमारा यह प्रयास है कि इस धारणा के माध्यम से सरकार के कानों तक हमारी बात पहुंच सके। धरना में मुख्य रूप से सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस सहित समुदाय के अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से टिंकू राम, राजू राम, मुकेश नायक, गोविंद वाल्मीकि, जीवन राम, अशोक राम, सूरजमुखी ने किया संचालन संयुक्त रूप से उपेंद्र कुमार रजक और संतोष रजक ने किया। वहीं संतोष रजक और उपेंद्र रजक ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज अब अपनी संवैधानिक अधिकारों को लेकर संगठित होने लगा है। आज का यह महाधरना समाज के दिशा देने और सरकार को अनुसूचित समाज की ताकत दिखाने वाला है। इस मौके पर शिव टहल नायक,विनोद राजन, करण नायक, मुकेश नायक ,बंटी रविदास ,बंसलोचन राम ,जगदेव राम ,अशोक रजक ,लक्ष्मण बौद्ध ,सुमन देवी ,कालू राम, ध्रुरू हरी, हीर राजक, दिलीप भुइयां सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रदेश राजद ने पांच नये प्रवक्ताओं को नियुक्त किया

**रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश राजद ने अपने नये प्रवक्ताओं की सूची शनिवार को जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के निर्देश पर जारी सूची में पांच नेताओं को जगह मिली है। प्रवक्ता की सूची कैलाश यादव - रांची, डॉ मनोज कुमार - रांची, आबिद अली - रांची, विश्वनाथ राम घूरा - पलामू, घनश्याम चौधरी - बोकारो को बनाया गया है। उपरोक्त जानकारी नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने दिया।**

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चुनाव आयोग पर फर्जीवाड़ा का लगाया आरोप

# योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में ड्राफ्ट एलेक्टोरल रोल से 65 लाख मतदाताओं के नाम कम कर दिए गए हैं. उन्होंने चुनाव आयोग पर मतदाता फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चुनाव आयोग, भाजपा की मतदाता घटा कर चुनाव जीतने की मंशा में सहयोग कर रहा है। उन्होंने योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने आशंका जतायी है कि एसआइआर के नाम पर अन्य राज्यों में भी ऐसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआइआर के नाम पर अनियमितता की कई शिकायतें सामने आयी।



राज्य के कई हिस्सों में लोगों ने थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी कि बीएलओ उनके घर भी नहीं पहुंचे।

मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण मतदान के अधिकार और निष्पक्ष चुनाव पर असर डालता है। लोकसभा में इस पर चर्चा से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। हमारे नेता राहुल गांधी ने चेतावनी दी है कि गलत करने वाले बख्शे नही जायेंगे।

इसका मतलब है कि जो भी गलत काम करेगा, उसे छोड़ा नहीं जायेगा।

लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि चुनाव आयोग को योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने चाहिए।

उन्होंने आशंका जतायी कि एसआइआर के नाम पर दूसरे राज्यों में भी ऐसा हो सकता है। मतदाता सूची को ठीक करना जरूरी है, क्योंकि इससे लोगों के वोट देने के अधिकार पर सीधा असर पड़ता है।

लोकसभा में इस बारे में बात करने से सब कुछ साफ हो जायेगा और जवाबदेही तय की जा सकेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# संदिग्ध महिला आतंकी शमा परवीन की बैक ग्राउंड खंगाल रही एटीएस

**आतंक के कनेक्शन की जांच शुरू**

**झारखंड एटीएस की जांच में नया टास्क**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात एटीएस द्वारा बेंगलुरु से गिरफ्तार संदिग्ध महिला आतंकी शमा परवीन के झारखंड के कोडरमा से संबंध सामने आने के बाद झारखंड एटीएस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शमा परवीन पर अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट के ऑनलाइन आतंकी मॉड्यूल को संचालित करने का आरोप है। झारखंड एटीएस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या शमा का झारखंड में किसी आतंकी नेटवर्क से संबंध था और क्या उसका लिंक पहले पकड़े गये आतंकी मॉड्यूल्स, जैसे डॉ इश्तियाक अहमद और शबनम परवीन के नेटवर्क से जुड़ा है।

झारखंड एटीएस अब शमा परवीन के मामले में गहन पड़ताल कर रही है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि गुजरात एटीएस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने शमा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की हैं। इन सूचनाओं के आधार पर झारखंड एटीएस ने शमा के कोडरमा और अन्य संभावित स्थानीय संपर्कों की जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शमा का झारखंड में कोई आतंकी कनेक्शन तो नहीं था. उसके परिवार, दोस्तों, और अन्य संदिग्धों की जानकारी खंगाली जा रही है।

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि उनकी टीम गुजरात एटीएस के साथ लगातार संपर्क में है। जल्द ही झारखंड एटीएस की एक टीम शमा परवीन से पूछताछ के लिए गुजरात जायेगी। इसके साथ ही, कोडरमा में शमा के परिवार, दोस्तों और स्थानीय संपर्कों की गहन जांच की जा रही है। एसपी झा ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या शमा का कोडरमा में कोई नेटवर्क था या वह अन्य संदिग्धों के साथ मिलकर काम कर रही थी।

### शमा परवीन का कोडरमा कनेक्शन

गुजरात एटीएस के अनुसार 30 वर्षीय शमा परवीन मूल रूप से झारखंड के कोडरमा जिले की रहने वाली है। वह कुछ समय तक हैदराबाद में रही और चार साल पहले बेंगलुरु के हेब्बल इलाके में अपने छोटे भाई के साथ किराए के मकान में शिफ्ट हो गयी थी। गुजरात एटीएस ने बताया कि शमा सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम और फेसबुक, के जरिए जिहादी विचारधारा और गजवा-ए-हिंद जैसे कट्टरपंथी एजेंडे को बढ़ावा दे रही थी।

# सांसद मनोज तिवारी कांवर लेकर पहुंचे बाबाधाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सावन के पवित्र महीने में बाबा बैद्यनाथ धाम में आम से लेकर खास तक लाखों कांवरिया भगवान शिव को जल चढ़ाने पहुंचते हैं। इस वर्ष, प्रसिद्ध भोजपुरी गायक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ सांसद मनोज तिवारी भी कांवर लेकर सुल्तानगंज से देवघर पहुंचे। 31 जुलाई को सुल्तानगंज में गंगा जल उठा कर उन्होंने अपनी कांवर यात्रा शुरू की और 2 अगस्त को बाबा धाम में जलाभिषेक किया। देर शाम सांसद तिवारी देवघर के दुम्मा द्वार पहुंचे, जहां स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे ने उनका भव्य स्वागत किया। दुम्मा द्वार से कांवरिया पथ होते हुए मनोज तिवारी ने रात 8:30 बजे तक बाबा बैद्यनाथ को जल चढ़ाया। दोनों सांसद एक साथ कांवरिया पथ से बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे और समाज कल्याण व देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



**30 साल बाद फिर कांवर लेकर बाबा धाम पहुंचे मनोज तिवारी :** बाबा धाम पहुंचने के बाद सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि 30 साल पहले वे नियमित रूप से कांवर उठाकर बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए आया करते थे। उन्होंने कहा, ₹समय के साथ परिस्थितियां बदल गई हैं, लेकिन बाबा के प्रति आस्था आज भी वैसी ही है। उन्होंने घोषणा की कि वे श्रावणी मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित करने के लिए संसद में आवाज उठाएंगे और इस दिशा में सांसद निशिकांत दुबे के साथ मिल कर हरसंभव प्रयास करेंगे।

**कांवरियों की समस्याओं को समझने की जरूरत :** मनोज तिवारी ने कहा कि कांवरियों की समस्याओं को समझने के लिए स्वयं कांवर उठाकर यात्रा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि कांवरियों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने का भी अवसर देती है। बाबा धाम में जलाभिषेक के बाद उन्होंने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सेवा भाव निरंतर बढ़ता रहे और यह भाव जन-जन तक पहुंचे।

**बाबा भोले पूरी करते हैं हर मनोकामना :** सांसद तिवारी ने कहा कि मेरे मन में कई मनोकामनाएं हैं, लेकिन भगवान भोलेनाथ को उन्हें बताने की जरूरत नहीं। वे अपने भक्तों का मन पढ़ लेते हैं और उनकी हर इच्छा पूरी करते हैं। उन्होंने सनातन धर्म की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि यह आस्था ही उन्हें और सांसद निशिकांत दुबे को एक साथ बाबा के दरबार में लाई है। उन्होंने कहा कि हम सनातन धर्म के सिपाही हैं और इस आस्था को जीवित रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

**श्रावणी मेला के लिए केंद्र सरकार का योगदान :** मनोज तिवारी ने केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रावणी मेला और कांवरिया पथ को बेहतर बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये का अनुदान और अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

# भाजपा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करेगी : मनोज सिंह

**10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में निकलेगी तिरंगा यात्रा**

**12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं, युद्ध स्मारकों के लिए होगा स्वच्छता अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने दी।

कार्यक्रम के लिए नंदजी प्रसाद, शशांक राज, बबलू भगत और सीमा सिंह को सह संयोजक बनाया गया है। आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि तैयारियों को लेकर 3 अगस्त से 5 अगस्त तक विभिन्न जिलों में और 6 से 10 अगस्त तक मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित होंगी। विभिन्न जिलों की आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के नेता शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 अगस्त को रांची महानगर की बैठक में शामिल होंगे, जबकि संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 5 अगस्त को रामगढ़, 3 अगस्त को प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू लोहरदगा, डॉ प्रदीप वर्मा रांची ग्रामीण जिला, 4 अगस्त को प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह लातेहार में, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद 6 अगस्त को जमशेदपुर महानगर, विकास प्रीतम 5 अगस्त को चतरा, 6 अगस्त को गढ़वा, आरती कुजूर खूंटी, बड़ कुंवर गगराई पूर्वी सिंहभूम ,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी धनबाद महानगर और ग्रामीण की कार्यशाला में 5 अगस्त को शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों, प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। बताया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराने का आग्रह किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को पार्टी विभाजन विभीषिका दिवस भी मनायेगी।

# दोषी निजी अस्पताल पर सख्त कार्रवाई हो : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रांची के एक निजी अस्पताल में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। संबंधित अस्पताल पर सख्त कार्रवाई करने की बात उन्होंने कही है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल में एक नवजात शिशु की मृत्यु के बाद भी उसे चार दिनों तक वेंटिलेटर पर रखकर परिजनों से लगातार पैसे वसूले गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हो चुकी है कि बच्चे की मौत पहले ही हो चुकी थी, बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों ने परिजनों को अंधेरे में रखकर इलाज के नाम पर मोटी रकम की उगाही की।मरांडी ने कहा कि इस अमानवीय हरकत ने न केवल चिकित्सा पेशे की गरिमा को कलंकित किया है, बल्कि एक दुःखी परिवार की भावनाओं के साथ भी क्रूर मजाक किया है।

# कोटा में प्रथम अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का भव्य आयोजन शनिवार को कोटा के मेनाल रेलवे ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और भारतीय रेलवे जनसंपर्क कैडर की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बिरला के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री कालरा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की गयी। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी कमल जोशी द्वारा जनसंपर्क कैडर का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया। ओम बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेलवे का जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा कार्यक्रम का औपचारिक समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसके उपरांत सेमिनार सत्र आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रचार निरीक्षकों ने अपने विचार, अनुभव एवं कैडर से संबंधित व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। यह विचार-विमर्श सत्र जनसंपर्क विभाग की कार्यक्षमता, कैडर पुनर्गठन, और भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर सिद्ध हुआ।



कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल, नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा ने भाग लिया।

# एनआइबीएम में बैंकिंग, एसएससी और वायुसेना के लिए कोचिंग और टेस्ट सीरीज का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनआइबीएम में इंटर और स्नातक पास युवाओं के लिए बैंकिंग, एसएससी और भारतीय वायुसेना में हजारों नयी रिक्तियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। निदेशक एमके गुप्ता और शिक्षक चंद्रा और रमण ने अंतिम रूप से चयनित छात्रों को सम्मानित किया और बताया कि बैंक में स्नातक युवा के लिए 5208 पद की रिक्तियों की घोषणा की गयी है। एनआइबीएम में इन सभी नयी रिक्तियों के लिए क्रैश कोर्स और रेगुलर फाउंडेशन कोर्स के साथ टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। कोचिंग में लेटेस्ट पैटर्न पर मेटेरियल और किताबें प्रतिवर्ष प्रिंट की जाती हैं। हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में बैंकिंग, एसएससी और रेलवे के लिए सेपरेट और कंबाइंड बैच 4 और 11 अगस्त से प्रारंभ किए जायेंगे। निदेशक ने बताया कि परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों को ज्यादा से ज्यादा बार हल करना चाहिए, जिससे कम समय में और सही हल करने की आदत बन जाती है। बेसिक पर ध्यान देना चाहिए और परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों को बार-बार हल करना चाहिये। इच्छुक विद्यार्थी चौथा मंजिल, श्री साईं टावर सर्कुलर रोड, रांची में संपर्क कर सकते हैं या फोन नंबर 9334726278 और 8825250625 पर कॉल कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए एनआइबीएम की वेबसाइट, फेसबुक और यूट्यूब पर भी जा सकते हैं।




# ह्यूमैनिटीज फेस्ट द आरोहण का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने 2 अगस्त 2025 को अपने दो दिवसीय ह्यूमैनिटीज फेस्ट द आरोहण का भव्य समापन किया। 1 और 2 अगस्त को आयोजित यह उत्सव आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मक अभिव्यक्ति और विचारोत्तेजक संवाद का साक्षी बना। समापन समारोह की शोभा मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमल किशोर, प्रोफेसर एंस हेड, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, रांची ने बढ़ाई। मुख्य अतिथि को सैपलिंग और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीपीएस रांची के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक भावपूर्ण वाद्य संगीत से हुई।



दो दिवसीय यह महोत्सव विविध शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों से भरा रहा। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमल किशोर ने कहा कि द आरोहण में युवाओं की भागीदारी और उनकी गहन समझ को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई।

विद्यालय की प्रचार्या डॉ जया चौहान ने अपने संबोधन में कहा, ह्यद आरोहण केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि डीपीएस रांची की उस शिक्षा-दृष्टि का सजीव उदाहरण है, जिसमें हम शिक्षा को समग्र, अनुभवात्मक और जीवनोपयोगी बनाना चाहते हैं। यह उत्सव उन विषयों का उत्सव है जो हमें समाज, शासन, मीडिया और संस्कृति की गहराई को समझने में मदद करते हैं। मुझे इस बात पर अत्यंत गर्व है कि इस पूरे कार्यक्रम की योजना, आयोजन, डिजाइन, मीडिया कवरेज, आतिथ्य और सामग्री निर्माण – सब कुछ हमारे विद्यार्थियों ने स्वयं संभाला। उन्होंने न केवल जिम्मेदारी उठाई बल्कि पूरी निष्ठा और दक्षता से उसे निभाया। यह अनुभव निश्चित रूप से उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व, सहयोग और भावनात्मक समझ जैसे नैतिक मूल्य सिखाता है, जो उन्हें भविष्य में उत्कृष्टता की ओर ले जायेगा।

इस दो दिवसीय उत्सव ने यह साबित कर दिया कि जब युवाओं को अवसर और मंच मिलता है, तो वे विचार, संवेदना और नवाचार की एक नयी परिभाषा रच सकते हैं।

# रेलवे ने स्वच्छता अभियान का किया आगाज

- 1 अगस्त से 15 अगस्त तक देश के सभी प्रमुख स्टेशनों पर चलाया जायेगा अभियान
- रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने नयी दिल्ली स्टेशन पर अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलायी स्वच्छता की शपथ
- इस अवसर पर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर श्रमदान के माध्यम से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया
- स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यात्रियों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के उल्लास को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए रेलवे ने 1 से 15 अगस्त तक देशभर के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस अभियान की शुरुआत करते हुए रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर श्रमदान में भी भाग लिया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया।

सतीश कुमार ने स्टेशन पर प्रयोग में लायी जा रहीं सफाई मशीनों का भी निरीक्षण किया और यात्रियों से संवाद कर स्वच्छता पर फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यात्रियों में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जायेगा।

स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश में शुरू की गयी स्वच्छ भारत की मुहिम में रेलवे बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में फेज-1 में 15 दिनों का ये कार्यक्रम चलेगा। इसके बाद 16 अगस्त से अक्टूबर तक फेज-2 में स्वच्छता का ये कार्यक्रम चलेगा। ये अक्टूबर तक ही सीमित नहीं रहेगा। हम अपनी दिनचर्या में, अपने कार्य में साफ-सफाई को ढाल रहे हैं, जिससे कि यात्रियों को एक साफ स्टेशन दे सकें। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहले और अब में बहुत फर्क है। यही नहीं, पहले जो जगह डंपिंग ग्राउंड थी, आज वहां पर गार्डन है। लोगों को अच्छा वातावरण मिला है। मैंने कई जगह आज निरीक्षण किया और सफाई का जायजा लिया। रेलवे के सभी कर्मचारी और अधिकारी देशभर में 7,000 रेलवे स्टेशनों पर साफ-सफाई की निगरानी कर यात्रियों को अच्छी व्यवस्था देने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सफाई केवल स्टेशनों तक सीमित नहीं है। ट्रेनों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जा रही है। स्टेशनों पर हमने क्लिन ट्रेन स्टेशन की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त रेल मदद पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हैं। इस अभियान के तहत हम यात्रियों में जागरूकता लाना चाहते हैं।



इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली पुष्पेश रमण त्रिपाठी सहित रेलवे के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर श्रमदान के माध्यम से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। इस अभियान की शुरुआत नवीन गुलाटी (सदस्य इन्फ्रास्ट्रक्चर) ने दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर, ब्रज मोहन अग्रवाल (सदस्य ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) ने हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर, हितेन्द्र मल्होत्रा (सदस्य ऑपरेशन और बिजनेस डेवलपमेंट) ने दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर, उषा वेंणुगोपाल (सदस्य वित्त) ने दिल्ली जंक्शन स्टेशन पर, आर राजगोपाल (महानिदेशक मानव संसाधन) ने आनंद विहार टर्मिनल पर, हरि शंकर वर्मा (महानिदेशक सुरक्षा) ने फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर तथा डॉ. जगदीश चंद्रा (महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवा) ने तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन पर की।

## इटकी रोड आरओबी में 1.12 करोड़ का मुआवजा भुगतान अब भी लटका

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने इटकी रोड में चार लेन रेल ओवर ब्रिज निर्माण में आ रही बाधाओं को अविलंब दूर करने का निर्देश रांची जिला उपायुक्त को दिया गया है। इसके साथ ही जिला भू-अर्जन पदाधिकारी और रांची पुलिस की भी मदद लेने को कहा गया है ताकि जबरन कब्जा वाली जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके। नेशनल हाइवे 23 में सालों से बन रहे इस आरओबी का काम तेजी से पूरा कराने को कहा गया है और बकाया मुआवजा राशि अविलंब रैयतों को दने को कहा गया है। एनएचएआई ने 47.12 करोड़ रुपये इस फोरलेन हाइवे निर्माण के लिए आवश्यक जमीन के बदले रांची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया है, इनमें 46 करोड़ रुपये की राशि भी वितरित कर दी गयी है। इंजीनियरों ने बताया कि अधिकांश अड़चन दूर है। लेकिन अब भी 1.12 करोड़ रुपये का वितरण किया जाना हे।

# प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय बहुत ही सराहनीय : रमेश कुमार साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के राज्य अतिथि साला मोरहाबादी में शनिवार को झारखंड अलग राज्य चिन्हित आंदोलनकारी कल्याण समिति ने प्रेस कांफ्रेंस कर झारखंड सरकार द्वारा चिन्हित आंदोलनकारियों के मान-सम्मान के लिए लिये गये निर्णय का स्वागत किया। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा चिन्हित आंदोलनकारियों के लिए प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय बहुत ही सराहनीय है। इससे आंदोलनकारियों को एक पहचान मिलेगी और उनके योगदान को सम्मान मिलेगा। समिति ने झारखंड सरकार से अनुरोध किया है कि सभी उपायुक्त अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए आंदोलनकारियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अलग से बैठने की व्यवस्था करें और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करें। समिति ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि झारखंड के निर्माता गुरुजी और आंदोलनकारी साथी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम लोगों के बीच आयें।

इस मौके पर केंद्रीय महासचिव महावीर विश्वकर्मा, महिला समिति केंद्रीय अध्यक्ष प्रतिभा पांडे, कार्यकारिणी के सदस्य राम नंदन महतो, प्रवीण झा, इकबाल आलम और सहदेव मंडल उपस्थित थे।

# ट्रंप की दादागिरी के आगे न झुके सरकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अचानक से भारत को लेकर बेहद आक्रामक हो गये हैं। उन्होंने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है और यह भी चेताया है कि रूस से व्यापार की एवज में कुछ एक्स्ट्रा टैक्स भी लगाया जायेगा। ट्रंप के इस फैसले का क्या असर पड़ सकता है, इस बारे में सरकार आकलन कर रही है। बातचीत के रास्ते खुले हैं और वह होनी भी चाहिए, लेकिन इस मामले में भारत को अपने हितों को भी मजबूती से रखना होगा।

**ट्रेड डील :** ट्रंप का हालिया बयान केवल टैरिफ या व्यापार घाटे से नहीं जुड़ा। इसके पीछे लंबी हताशा और अपनी इमेज बचाने की चिंता है। कई चरण की बातचीत के बावजूद दोनों देशों की ट्रेड डील किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पायी है। रोड़ा अटका हुआ है कृषि और डेयरी सेक्टर पर। हर डील अपनी शर्तों पर करने वाले ट्रंप इन दोनों सेक्टर में अमेरिका के लिए खुली छूट चाहते हैं। ऐसा करना भारतीय किसानों के हित में नहीं होगा और सरकार को इस मामले में बिल्कुल भी नहीं झुकना चाहिए। व्यापार एकतरफा फायदे को देख कर नहीं किया जा सकता।

**रूस से व्यापार :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ असहमति की जो वजहें गिनाई हैं, उसमें रूस से तेल खरीदना प्रमुख है। 2022 तक भारत की तेल आपूर्ति में रूस का हिस्सा सिर्फ 1% था। आज यह आंकड़ा 35-40% है, और जरूरत पड़ने पर इससे पीछे हटना संभव है, क्योंकि अब रूसी तेल पर पहले जितना फायदा नहीं हो रहा, लेकिन, यहां बात केवल फायदे नहीं, दो देशों के रिश्तों और हक की भी है। भारत की अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। आखिर अमेरिका ने भी तो उस पाकिस्तान के साथ डील की, जो वैश्विक मंचों पर कई बार आतंकवाद की शरणस्थली साबित हो चुका है।

**अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ असहमति की जो वजहें गिनाई हैं, उसमें रूस से तेल खरीदना प्रमुख है। 2022 तक भारत की तेल आपूर्ति में रूस का हिस्सा सिर्फ 1% था।**

**अस्थिर पॉलिसी :** ट्रंप न अपने बयानों पर स्थिर रहते हैं और न पॉलिसी पर। जिन देशों ने उनके साथ डील की है, उन्हें भी कोई फायदा नहीं हुआ। ब्रिटेन, वियतनाम से डील के बावजूद टैरिफ बढ़ रहा है। इसी तरह, एव के कई देश नाराज हैं क्योंकि आयात शुल्क औसत 4.8% से बढ़कर अब 15% हो चुका है। यानी किसी भी सूरत में टैरिफ की स्थिति पहले वाली नहीं रहेगी। इसलिए भारत को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए।

**दोस्त जैसा व्यवहार :** रुबियो ने भारत को अमेरिका का सहयोगी और रणनीतिक भागीदार बताया है। उनके देश को चीन का सामना करने के लिए भारत जैसे सहयोगी की दरकार है। लेकिन, उनका बर्ताव एक दोस्त जैसा नहीं है। भारत को अगर कुछ मामलों में अमेरिका की जरूरत है, तो अमेरिका को भी कई जगह भारत का साथ चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**एनइपी ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर विकसित किये गये हैं और भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक योजना और राष्ट्रीय डिजिटल भंडार (नेशनल डिजिटल डीपॉजिटरी) फॉर इंडियज नॉलेज सिस्टम जैसी योजनाएं भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बना रही हैं। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) और कक्षा 1 से 8 की नयी किताबें अब जारी हो चुकी हैं।**

# बहुभाषी, समावेशी शिक्षा अब व्यापक स्तर पर साकार



धर्मेंद्र प्रधान




एनइपी के पांच वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाषा के चयन से लेकर कौशल पर बल तक, इसकी अवधारणाओं ने कक्षा के अनुभव को मूल रूप से बदल दिया है।

2020 में भारत ने केवल एक नयी नीति नहीं अपनायी, बल्कि एक प्राचीन आदर्श को फिर से जीवंत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) ने सीखने को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया और इसे हमारी सभ्यतागत परंपराओं से जोड़ा।

स्वर्गीय डॉ के कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में तैयार की गयी यह नीति इतिहास की सबसे व्यापक जन-सहभागिता वाली नीति-निर्माण प्रक्रिया में से एक थी। यह एक ऐसा दूरदर्शी रूपरेखा थी जो सांस्कृतिक मूल्यों में निहित था। यह एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना थी जो रटने की प्रवृत्ति, कठोर ढांचों और भाषाई उंच-नीच से परे हो–समावेशी, सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार।

पांच वर्षों में एनइपी का असर केवल नीतियों तक नहीं, बल्कि कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अब प्राथमिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षण, रटने की पद्धति की जगह ले चुका है, बच्चे अपनी मातृभाषा में सहजता से पढ़ रहे हैं, छठी कक्षा के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रयोगशालाओं में हाथों-हाथ कौशल सीख रहे हैं। अनुसंधान संस्थानों में भारत का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ संवाद कर रहा है। एनइपी की सोच एसटीइएम क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्थानों की उपस्थिति में भी झलकती है।

**एनइपी का असर केवल नीतियों तक नहीं, बल्कि कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है**

निपुण भारत मिशन ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को कक्षा 2 तक सुनिश्चित किया है।

एएसइआर 2024 और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 जैसी रिपोर्टों में यह प्रगति परिलक्षित होती है–आज की कक्षाएं जिज्ञासा और समझ का केंद्र बन चुकी हैं। विद्या प्रवेश और बालवाटिका जैसी पहलें अब प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा को व्यवस्थित रूप से एकीकृत कर रही हैं। 22 भारतीय भाषाओं में जादुई पिटारा और ई-जादुई पिटारा, नई पीढ़ी की पाठ्यपुस्तकों के साथ, शिक्षा को रुचिकर बना रहे हैं। निष्ठा प्रशिक्षण के माध्यम से 14 लाख से अधिक शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं और दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म शिक्षण सामग्री को देशभर में सुलभ बना रहे हैं।

एनइपी ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर विकसित किए गए हैं और भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक योजना और राष्ट्रीय डिजिटल भंडार (नेशनल डिजिटल डीपॉजिटरी) फॉर इंडियज नॉलेज सिस्टम जैसी योजनाएं भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बना रही हैं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) और कक्षा 1 से 8 की नयी किताबें अब जारी हो चुकी हैं। प्रेरणा एक सेतु कार्यक्रम है जो छात्रों को नयी पाठ्यचर्या में सहजता से ढालने के लिए मार्गदर्शन करता है, ताकि वे अभिभूत न हों, बल्कि हर चरण में सहयोग प्राप्त करें। समग्र शिक्षा और पीएम पोषण जैसी योजनाओं ने लगभग सार्वभौमिक नामांकन को संभव बनाया है। एनइपी का प्रभाव वंचित समूहों तक भी पहुंचा है। 5,138 से अधिक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 7.12 लाख से अधिक वंचित समुदायों की बालिकाएं नामांकित हैं।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 692 और पीवीटीजी छात्रों के लिए 490 से अधिक छात्रावास स्वीकृत किये गये हैं। प्रशस्त कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगता की पहचान कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक समावेशी और सशक्त बनाया गया है।

एनइपी 2020 के परिवर्तन का एक प्रमुख स्तंभ हैं 14,500 पीएम-श्री स्कूल, जो आधुनिक, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल हैं। ये विद्यालय एनइपी के विजन के अनुरूप आदर्श मॉडल स्कूल बन रहे हैं, जो बुनियादी ढांचे और शिक्षण पद्धति दोनों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। विद्यांजलि प्लेटफॉर्म ने 8.2 लाख स्कूलों को 5.3 लाख से अधिक वॉलिंटर्स और 2,000 सीएनआर पार्टनर्स से जोड़ा है, जिससे 1.7 करोड़ छात्रों को सीधा लाभ मिला है।

उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.46 करोड़ हो गया है–30.5 फीसदी की बढ़ोत्तरी। इनमें लगभग 48 प्रतिशत छात्राएं हैं। महिला पीएचडी नामांकन 0.48 लाख से बढ़कर 1.12 लाख हो गया है। एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्रों का बढ़ता नामांकन उच्च शिक्षा में समावेशिता का ऐतिहासिक संकेत है। महिला जीइआर लगातार छह वर्षों से पुरुषों से अधिक रहा है।

मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, एकाडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और नेशनल क्रेडिट फेमवर्क जैसे नवाचारों ने शिक्षा को विकल्पों से भरपूर और छात्र-केंद्रित बनाया है। 21.12 करोड़ अपार आइडी उपलब्ध करायी गयी हैं। 153 विश्वविद्यालयों में मल्टीपल एंट्री और 74 में एग्जिट विकल्प उपलब्ध हैं–अब सीखना क्रमबद्ध नहीं, बल्कि मॉड्यूलर है।

एनइपी के अनुसंधान और नवाचार पर जोर ने भारत के ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स को 81वें स्थान से 39वें तक पहुंचाया है।

400 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों में 18,000 से अधिक स्टार्टअप इनक्यूबेट किये गये हैं। अनुसंधान एनआरएफ, पीएमआरएफ 2.0, और 6,000 करोड़ की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शोध को विकेंद्रीकृत और सुलभ बना रही हैं।

स्वयं और स्वयं प्लस जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 5.3 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। दीक्षा और पीएम इ-विद्या के 200+ डीटीएच चैनलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री देश के हर कोने में उपलब्ध हो रही है। द्विवार्षिक प्रवेश, डुअल डिग्री जैसी व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा को और अधिक समावेशी, बहुविषयक और उद्योगोन्मुखी बना रही हैं। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के 54 संस्थान शामिल हुए हैं, जबकि 2014 में केवल 11 थे। डीकिन, वॉलोन्गॉन्ग और साउथेम्प्टन जैसे वैश्विक विश्वविद्यालय भारत में कैंपस स्थापित कर रहे हैं।

परिवर्तन की इस यात्रा का उत्सव अखिल भारतीय शिक्षा समागम के माध्यम से मनाया जा रहा है, लेकिन इसका मूल्यांकन शिक्षार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के शांत आत्मविश्वास में हो रहा है। हमें अपने परिसरों को हराभरा बनाना, महत्वपूर्ण अनुसंधान अवसंरचना का विस्तार करना और सीखने के परिणामों को और अधिक गहरा करना जारी रखना होगा।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा केवल एक नीति नहीं, बल्कि सबसे बड़ा राष्ट्रीय निवेश बन चुकी है। जहाँ शिक्षा है, वहीं प्रगति है। एक अरब जागरूक और सशक्त नागरिक केवल जनसांख्यिकीय लाभांश नहीं हैं, बल्कि नये भारत का सुपरनोवा हैं।

**(लेखक केंद्रीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार हैं)**

## कोल्हान की खबरें

### पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने पैडमैन तरुण कुमार को आइकॉन ऑफ झारखंड अवार्ड से किया सम्मानित



**रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड में सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे पैडमैन तरुण कुमार को आइकॉन ऑफ झारखंड अवॉर्ड से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें रांची के ऑड्रे हाउस सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के हाथों प्रदान की गयी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, कृषि पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक सरयू राय सहित राज्य के कई मंत्री, विधायक और गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास, संस्कृति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर गहन संवाद हुआ। जिसमें प्रदेश के कई नामचीन नेताओं, विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने सम्मान मिलने के बाद खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा बीते 15 वर्षों से झारखंड के ग्रामीण इलाकों में माहवारी, स्वच्छता, जेंडर समानता और शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। उनकी पहचान गांवों में अब पैडमैन भैया के रूप में बन चुकी है। उन्होंने कहा सम्मान मिलने से बच्चों के लिए प्रयासों के प्रति भावनाएं और भी मजबूत हुई हैं, संसाधनों के अभाव में भी सामूहिक भागीदारी और स्वयंसेवी प्रयासों से बुनियादी समस्याओं का समाधान निकालना जरूरी है।

### लोयोला स्कूल टेल्को के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए चयन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लॉयोला स्कूल टेल्को के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और मेहनत से साबित कर दिया वह किसी से कम नहीं है। सीआइएससीइ रीजनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में स्कूल के पांच होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर एक स्वर्ण पदक के साथ चार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। कौशिकी कुमारी ने अंडर-14 वर्ग में 42-46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल को गर्वित किया। वही निशु उरांव अंडर-14 (24-26 किलोग्राम), शान मुर्मू अंडर-14 (38-40 किलोग्राम), ईमोन मित्रा अंडर 14 (44-46 किलोग्राम), शंभवी मिश्रा अंडर-17 (66-70 किलोग्राम) को में में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया। इन सभी खिलाड़ियों का अब अगला लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपने हुनर को दिखाना है। स्कूल प्रबंधन ने सभी विजेताओं और उनके कोच, प्रशिक्षक कार्तिक को हार्दिक बधाई दी। उनके निरंतर प्रयास, समर्पण और उत्कृष्ट मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुंचाया है। स्कूल प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों की सफलता पर गर्व महसूस की। कहा राष्ट्रीय स्तर पर भी वे इसी जोश और जज्बे के साथ आगे बढ़ें, यही हमारी शुभकामना है। लॉयोला स्कूल टेल्को की यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे जमशेदपुर के लिए गर्व की बात है।

# बिष्टुपुर पंचभवन चोरी कांड का खुलासा, पांच चोर गिरफ्तार

**लाखों के आभूषण और नकदी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर के डायगनल रोड स्थित पंचभवन में 10 जुलाई की रात हुई करीब 15 लाख रुपये की आभूषण चोरी का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया। एसएसपी पियूष पांडेय के निर्देश पर बनी एसआइटी टीम ने डीएसपी मनोज ठाकुर के नेतृत्व में छापेमारी कर पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित राव उर्फ लल्ला, विकास दास उर्फ अंडा बच्चा, अमन कुमार उर्फ गोरी/राहुल, आकाश पात्रो उर्फ एजे और रजनीश लाल शामिल हैं। इनके पास से 15 चांदी के सिक्के, तीन सोने की टूटी चूड़ियां 31,500 नकद और पांच मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ सभी आरोपी पुराने आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। सबसे अधिक 10 मामले अमन उर्फ राहुल पर दर्ज हैं। इस अभियान में डीएसपी मनोज ठाकुर, थाना प्रभारी उमेश कुमार ठाकुर समेत पुलिस बल की अहम भूमिका रही। एसएसपी ने टीम की सराहना करते हुए कहा आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# केराला समाजम मॉडल स्कूल में गणित प्रश्नपत्र निर्माण कार्यशाला का आयोजन


**शिक्षकों को ने प्रभावशाली प्रश्नपत्र तैयार करने की तकनीक से हुए अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के केरल समाजम मॉडल स्कूल में आइसीएसइ स्तर के गणित प्रश्नपत्र निर्माण पर एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यशाला में 28 स्कूलों के 70 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन कोलकाता डॉन बॉस्को के प्रसिद्ध गणित विशेषज्ञ निर्मल गोम्स और केरल समाजम मॉडल स्कूल के प्रविंद सिंह ने की। मौके पर नई दिल्ली के सेलिना पब्लिशर प्रा. लि से स्विकांत तिवारी और अभय पाठक ने संयोजित किया। कार्यशाला का उद्देश्य गणित मूल्यांकन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और शिक्षकों को प्रभावशाली प्रश्नपत्र तैयार करने की तकनीक से अवगत कराना था। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकों ने इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लेकर आइसीएसइ गणित पाठ्यक्रम और मूल्यांकन रणनीतियों की गहन जानकारी प्राप्त की। मौके पर उपस्तित मुख्य अतिथि स्कूल की प्राचार्या नंदिनी शुक्ला ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता और विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वही उप प्राचार्य ए. एल. अब्राहम और सुजाता सिंह का भी कार्यशाला की सफलता में अहम योगदान रहा। यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

### एसपी ने की 4 वर्षों से अधिक पुराने मामलों की समीक्षा



**सरायकेला(आजाद सिपाही)।** एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सेवइयां की उपस्थिति में चार वर्षों से अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा बैठक की। शनिवार को एसपी कार्यालय में आयोजित बैठक में सभी अनुसंधानकर्ताओं को मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने कहा बैठक का उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करना। अधिकारियों को लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

### नामदा बस्ती में मिली महिला की लाश, पति फरार, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के नामदा बस्ती में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला की गला कटी अवस्था में लाश उसके घर से बरामद हुई। मृतका की पहचान 27 वर्षीय मनीषा कौर के रूप में की गयी है। जो दो बच्चों की मां थीं। सूचना मिलते ही गोलमुरी पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, क्योंकि घटना के बाद से महिला के पति गुरप्रीत सिंह उर्फ सागर फरार है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन तेज कर दी। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस पति की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### कर्मचारियों की हड़ताल से 108 एंबुलेंस सेवा ठप, स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा एक बार फिर ठप होने लगी है। जिले के 72 एम्बुलेंस चालक और इएमटी शुक्रवार रात से ही इनएक्टिव मोड पर चले गये। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर की आशंका है। शनिवार को कर्मचारियों ने जानकारी दी मार्च में सम्मान फाउंडेशन से हुआ समझौता अब तक लागू नहीं हुआ, जिसके कारण दो माह से वेतन नहीं मिला। अनुबंध के अनुसार 8 घंटे की जगह रोज 12 घंटे काम कराया जा रहा। सभी कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट में है। बच्चों की स्कूल फीस तक नहीं दे पा रहे। उन्होंने कहा इएमटी जयप्रकाश कर्मकार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीसी और सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपकर हालात से अवगत कराया है। जिले के 19 एम्बुलेंस में से 5 खराब है। मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों की आपात सेवाएं प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा जब तक बकाया वेतन और समझौते का पालन नहीं होता वे सेवा पर नहीं लौटेंगे। यह हड़ताल जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बड़ा झटका साबित होगी। प्रशासन की कार्रवाई पर अब सबकी निगाहें हैं।

### आदिवासी भुमिज-मुंडा समाज की हुई बैठक

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल प्रखंड के काठजोड़ ग्वालापाड़ा स्थित मड़प में आदिवासी भुमिज-मुंडा समाज के सांवतिया गोत्र द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को बैठक में वन विभाग और असामाजिक तत्वों पर उनके परंपरागत शाशनदिरी स्थल पर अतिक्रमण का आरोप लगाया। बैठक में निर्णय लिया गया दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और वन विभाग पर मुकदमा दायर किया जायेगा। साथ ही अतिक्रमण से प्रभावित स्थल का पारंपरिक शुद्धिकरण झारखंड, बिहार, बंगाल और उड़ीसा से आए समाज के लोगों की मौजूदगी में की जायेगी। समाज के प्रतिनिधियों ने इसे संस्कृति और रीति-रिवाजों पर हमला बताते हुए परंपरागत अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष का एलान किया।मौके पर ग्राम प्रधान आनंद सिंह, जिला परिषद सदस्य असीत सिंह पातर, पूर्व मुखिया नरसिंह सरदार, मंगल सिंह सरदार, रविन्द्र सरदार, भक्त रंजन भुमिज सहित कई क्षेत्रों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिले में 108 एंबुलेंस सेवा को दुरुस्त करने के लिए उपायुक्त ने दिये निर्देश

## 15 अगस्त तक सभी एसडीओ को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले में 108 एंबुलेंस सेवा को शीघ्र बहाल कर आम नागरिकों को निर्बाध आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने त्वरित एवं सख्त कदम उठाये हैं। उन्होंने गढ़वा, नगर उंटारी और रंका के अनुमंडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 108 एम्बुलेंस सेवाओं की वस्तुस्थिति का गहन निरीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। यह निर्देश झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी द्वारा उपायुक्त को सौंपे गये आवेदन के आलोक में दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि गढ़वा जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन 'सम्मान फाउंडेशन', पटना द्वारा ठीक से नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से संस्था के जिला प्रबंधक मोहम्मद शमशाद आलम के अनुचित कृत्यों के कारण सेवा बाधित हो रही है, जिससे आम नागरिकों को आपात स्थिति में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक एसडीओ को 15 अगस्त, 2025 तक अपना सुस्पष्ट मंतव्य सहित विस्तृत प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

उपायुक्त श्री यादव ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि एम्बुलेंस सेवा से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के लिए वे सीधे अपने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से संपर्क करें।

## खनन क्षेत्र का उपायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

# नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत रंका प्रखंड में संचालित विभिन्न पत्थर खदानों एवं क्रशर प्लांटों का उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य खनन गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, पर्यावरणीय एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति का मूल्यांकन करना, साथ ही दस्तावेजीय सुसंगतता की जांच करना रहा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त सर्वप्रथम इशान स्टोन क्रशर प्लांट पहुंचे, जहां उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली के संबंध में संचालक से विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित सभी दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच की। उन्होंने क्रशर प्रबंधन को पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने एवं सुरक्षित खनन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इसके पश्चात उपायुक्त श्री यादव ने एमजीसीपीएल द्वारा संचालित पत्थर खदान का स्थल निरीक्षण किया, जहां उन्होंने खनन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में उन्होंने सोखा बाबा स्टोन माइंस का भी भ्रमण किया और संपूर्ण खनन क्षेत्र की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि खनन कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का कठोरता से पालन और सुरक्षा मानकों की अनिवार्य रूप से पालन करना अत्यंत आवश्यक है। नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त श्री यादव ने बेलचंपा क्षेत्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने बालू घाटों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि वर्तमान में जिले में बालू उठाव पर रोक लगी हुई है, ऐसे में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं होनी चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि बालू उठाव वाले संभावित स्थलों के समीप जाने वाले मार्गों को अविलंब अवरुद्ध किया जाये, ताकि बालू के अवैध दोहन की कोई संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव, खान निरीक्षक भाव प्रकाश महतो एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खनन से जुड़ी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## मंडरा गांव में मृतक सुनील के परिजनों से मिले सांसद



कांडी (आजाद सिपाही)। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने शनिवार को मंडरा गांव जाकर मृतक सुनील पासवान के परिजनों से मिल कर उन्हें दुःख की घड़ी में सांत्वना दिए। उन्होंने कहा कि इस परिवार के साथ अन्याय हुआ है आपको न्याय मिलेगा। सांसद ने पुलिस प्रशासन से सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। अभी तक तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मृतक की पत्नी सविता देवी ने सात लोगो के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मालूम हो कि बुधवार को मंडरा गांव निवासी सुनील पासवान को अपराधियो ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने की अबुआ आवास नहीं मिलने की शिकायत की जांच



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान अबुआ आवास नहीं मिलने की शिकायत के आलोक मे चपरी के टीकर टोला पहुंचकर शिकायतकर्ता के आवास की स्थिति का जांच की, जहां पाया कि मीना देवी पति कृष्णा प्रजापति और चंदा देवी अशोक प्रजापति का आवास पूरी तरह जर्जर होने के बाउजूद इन्हें आवास का लाभ नहीं मिला, उन्होंने लाभुकों से आवेदन देने की बात कही। मौके पर चंदा देवी और मीना देवी ने बताया कि आवास की सूची उनका नाम होने के बावजूद उन्हें आवास का लाभ नहीं दिया गया, इसके लिए ब्लॉक से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के पास दौड़ भी लगाया लेकिन सभी जगह से अश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि किसी प्रकार प्लास्टिक के सहारे पूरे बाल बच्चों के साथ जीवन बिताने को मजबूर हैं। इस पर जिला परिषद सदस्य ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उन्होंने आवेदन देने की बात कही, ताकि आवास आवंटन की दिशा में अग्रेतर कारवाई किया जा सके। मौके पर कुंदन ठाकुर, सीताराम प्रजापति, रामाशंकर मेहता आदि लोग उपस्थित थे।

## बीएसएम महाविद्यालय भवनाथपुर में पौधरोपण




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बीएसएम महाविद्यालय भवनाथपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भावनात्मक और पर्यावरणीय पहल का उद्देश्य मातृत्व के सम्मान में प्रकृति को समर्पण करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ स्कंद कुमार भारती ने की। उनके नेतृत्व में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में आम, नीम, पीपल, गुलमोहर और अमरूद जैसे पर्यावरण हितैषी पौधे लगाये। इस मौके पर प्रो शिव कुमार प्रसाद, गुलाबचंद यादव, सुरेंद्र राम, अनेश कुमार सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, संगम कुमारी, विद्यानंद पाठक, लल्लू ठाकुर, फुलेंद्र यादव सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर में उपकरण वितरित

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड संसाधन केंद्र कांडी में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को 3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, चिकित्सक डॉ विशाल कुमार, जिप प्रतिनिधि दिनेश कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के दौरान डॉ विशाल कुमार व अन्य चिकित्सकों की टीम ने बच्चों की स्वास्थ्य जांच की तथा उन्हें आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण भी उपलब्ध कराये। वितरित उपकरणों में श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, बैसाखी आदि शामिल थे। कार्यक्रम में बीआरपी सुनील कुमार, सीआरपी धर्मेन्द्र कुमार दुबे, प्रभु राम, मनोहर चौबे, शिक्षक सुदीप पाल समेत कई शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों दी गयी विदाई



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक व पूर्व बीआरसी लेखापाल को प्राथमिक विद्यालय दूधवनिया में समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। वहीं शिक्षक संघ के विशुनपुरा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव ने कहा कि सभी सेवानिवृत्त शिक्षक लंबे समय तक विद्यालय में सेवा देने का दायित्व पुरी इमानदारी और निष्ठा से देने का काम किया है। कार्यक्रम को शिक्षक नीरज कुमार, सुरेंद्र गुप्ता व प्रताप कुमार यादव आदि सहित कई लोगो ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उमाकांत पाठक, मो. यासीन, रघुवीर राम, अरफाद अली, गणेश प्रजापति एवं लेखापाल प्रेम निलम सामद को शॉल व अंगवस्त्र देकर विदाई दी गयी। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश पांडेय, राकेश पांडेय, रामदयाल सिंह, शितल सिंह, मनोज सिंह, जन्मेजय सिंह, सुनील यादव, दिवाकर सिंह, दिलीप कुमार, अशोक खलको, शिवकुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय ताली में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत रसोईया ललीता देवी, दुलारी कुंवार को भावभीनी विदाई दी गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुखिया मूंगा साह ने सेवानिवृत्ति रसोईया ललीता देवी, दुलारी कुंवार को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पांडे शिक्षक सतीश कुमार चौबे, मनोज दास,सुचुन साह, भीम साह, दशरथ तिवारी, शिक्षिका संध्या कुमारी, कंप्यूटर शिक्षक राजेंद्र यादव सहित विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## धर्म परिवर्तन कराने की खबर की हुई प्रारंभिक जांच

# दबाव में धर्म परिवर्तन जैसी कोई बात नहीं : एसडीपीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** मीडिया के माध्यम से दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराने की खबर सुनने को मिली थी। खबर के आलोक में प्रारंभिक जांच किया गया, किंतु किसी के द्वारा दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराने जैसी कोई बात नहीं है। उक्त बातें रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने मिडिया कर्मियों से बातचीत के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि हिन्दू मुस्लिम परिवार में पूर्व में हुए विवाद को लेकर दुधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी पर अनर्गल आरोप लगाया गया है, जो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच भविष्य में भी होती रहेगी। दुधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी ने प्रेस वार्ता में मिडिया कर्मियों को बताया कि ग्राम दुधवल में छः लोगों पर रंका थाना कांड संख्या - 56/2025 के तहत ग्राम दुधवल निवासी जोहरा बीबी पति अजहरुद्दीन खां के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। जिसमें चार की गिरफ्तारी हुई और दो व्यक्ति की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पीड़ित मुस्लिम परिवार के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक पलामू को आवेदन देकर गिरफ्तार करने और न्याय दिलाने की मांग किया गया है। इसी कार्रवाई से बखुला कर दुधवल मुखिया इजहार अंसारी पर हिन्दू परिवार के द्वारा दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराने का अनर्गल आरोप लगाया गया है जो गलत है। उक्त विवाद महुआ चुनने को लेकर मुस्लिम परिवार को हिन्दू परिवार के द्वारा मारपीट किया गया था जिसमें अजहरुद्दीन खां के एक लड़का की मौत हो गयी थी। अब आगे क्या होती है समय बतायेगी।



रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

# पेरेंट्स टीचर्स मीट बच्चों के विकास में पुल का काम करता है : एमपी केसरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पैरंट्स टीचर्स मीट एवं यूनिट 2 परीक्षा के परीक्षा फल प्रकाशन के अवसर पर अभिभावक शिक्षक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों ने अपनी अभिरुचि एवं उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर तथा उपस्थित अभिभावकों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।

अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि अभिभावक शिक्षक बैठक शैक्षणिक संरचना का एक अनिवार्य तत्व है। ऐसी बैठक स्कूली जीवन का एक अभिन्न अंग है जो शिक्षकों को अभिभावकों के साथ अनुशासन एवं पढ़ाई संबंधी रणनीतियों पर चर्चा करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करता है। अभिभावक शिक्षक बैठकों का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षकों और अभिभावकों के बीच प्रभावी संचार चैनल स्थापित करना है जो छात्रों के सर्वोत्तम हित में आपसी समझ और सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करता है। ये बैठकें बच्चे की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक ज्ञान एवं विकास और समग्र कल्याण के बारे में जानकारी साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण सेतु का काम करती है। उपलब्धियों का जश्न मनाना, सुधार की रणनीतियों पर चर्चा करना और एक सकारात्मक, सहयोगी संबंध बनाना ऐसे प्रमुख उद्देश्य हैं, जो छात्र के समग्र विकास में योगदान करते हैं और उनकी शिक्षा के प्रति साझा प्रतिबद्धता के महत्व को सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं नीरा शर्मा ने पीटीएम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## पुलिस ने एक हजार किलो जावा महुआ नष्ट किया

भंडरिया (आजाद सिपाही)। बड़गड़ थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार को भंडरिया पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में बरकोल और टेहरी गांवों में छापेमारी की गयी, जहां कुछ घरों में अवैध रूप से जवा महुआ से शराब तैयार की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 1000 किलोग्राम जावा महुआ और शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत और खुफिया सूचना के आधार पर की गयी भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा ने बताया कि अवैध रूप से जावा महुआ शराब बनाने वाले को बक्सा नहीं जायेगा।

# आरके पब्लिक स्कूल में सावन महोत्सव का आयोजन

## कार्यक्रम में गीत-संगीत और परंपराओं की दिखी झलक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** आर. के. पब्लिक स्कूल, गढ़वा के जूनियर विंग में आज सावन माह के शुभ अवसर पर 'सावन महोत्सव' का रंगारंग एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजना और भावी पीढ़ी को उनसे जोड़ना था। महोत्सव की शुरूआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी, जिसे विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, जूनियर विंग की प्रभारी अनीता सिन्हा और आरकेवीएस संस्थान के प्राचार्य चंद्रदीप पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी को सावन माह की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विशेष रूप से हरे रंग की महत्ता को बताते हुए इसे जीवन, ऊर्जा और सौंदर्य का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम के अगले चरण में विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मेहंदी प्रतियोगिता, डांस, रंगोली, और रैंप वॉक शामिल रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में महिला अभिभावकों ने अपने हाथों पर सुंदर एवं रचनात्मक डिजाइनों की प्रस्तुति दी, जो बेहद सराहनीय रही। डांस और रैंप वॉक में भी महिलाओं ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र, चूड़ी, बिंदी, नेल पॉलिश और मेहंदी जैसे पारंपरिक उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना हो गया। कार्यक्रम की सफलता में अनीता सिन्हा, शहेला खान, पूनम राय, सुगंधा मैम और प्राची पांडेय सहित सभी शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।


झारखण्ड सरकार

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,कोडरमा वन प्रमण्डल, कोडरमा

आम नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा वन प्रमण्डल के अंतर्गत डोमचाँच वन प्रक्षेत्र / कोडरमा वन प्रक्षेत्र / गझण्डी वन प्रक्षेत्र / सतगावाँ वन प्रक्षेत्र एवं चंदवारा थाना में रखे गये जप्त वाहनों "जहां है, जिस स्थिति में है" के आधार पर नीलामी कोडरमा वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 29.08.2025 को 02:00 बजे अपराह्न को निर्धारित की गई है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। शर्तें एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्तें https://koderma.nic.in एवं https://forest.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

राज्यसात एवं आम नीलामी द्वारा बिक्री हेतु अन्य वाहनों से संबंधित विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या | निबंधन संख्या | वाहन का स्थान (वर्त्तमान मे जहाँ रखा गया है।) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 407 ट्रक | 05/2018 | BR-23-5722 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 2 | शक्तिमान ट्रक | 41/2018 | Reg. not clear | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 3 | पुराना 207 ट्रक | 48/2018 | JH-11D-6129 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 4 | पिकअप वैन | 16/2018 | BR-02K-5619 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 5 | सफेद पिकअप वैन | 15/2018 | WB-31-5298 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 6 | पिकअप वैन | 32/2018 | JH-12D-2652 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 7 | बजाज सी0टी0 100 मोटर साईकिल | 60/2018 | Without no. | सतगावाँ प्रक्षेत्र |
| 8 | मोटर साईकिल हीरो आई-स्मार्ट | 60/2018 | JH-11N-4837 | |
| 9 | लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर 475 DI | 11/2020 | Engine no. 006505439CIDNo.11, SF07 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 10 | काला रंग का टेम्पू | 21/2020 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 11 | महिन्द्रा कमाण्डर जीप | 03/2019 | BR-47P-2391 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 12 | टाटा 709 मिनी ट्रक | 20/2019 | BR-23G-8305 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 13 | टाटा 709 मिनी ट्रक | 21/2019 | OR-02BF-8988 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 14 | टाटा 207 मिनी ट्रक | 10/2019 | JH-02H-3050 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 15 | शक्तिमान ट्रक | 30/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 16 | महिन्द्रा 475 DI पुराना लाल रंग का ट्रैक्टर कंप्रैसर मशीन ड्रील सहित | 23/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 17 | टेम्पो | 49/2020 | Reg. not clear | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 18 | शक्तिमान ट्रक | 29/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 19 | टाटा 207 मिनी ट्रक | 70/2018 | OD-09-8188 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 20 | टाटा एल0पी0 ट्रक | 65/2018 | WB-03A-6006 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 21 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 475 DI | 59/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 22 | शक्तिमान ट्रक | 35/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 23 | दस चक्का ट्रक | 56/2018 | JH-12A-8665 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 24 | पुराना शक्तिमान ट्रक | 09/2019 | DIS/533 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 25 | 407 ट्रक | 04/2018 | DL-1LB-5857 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या | निबंधन संख्या | वाहन का स्थान (वर्त्तमान मे जहाँ रखा गया है।) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 26 | ब्लू रंग का टाटा मैजिक | 36/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 27 | पिकअप मैन | 38/2018 | JH-02J-4930 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 28 | महिन्द्रा सवारी गाड़ी | 03/2018 | JH-02H-5024 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 29 | टेम्पो | 46/2020 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 30 | दस चक्का ट्रक | 10/2020 | JH-12B-0692 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 31 | महिन्द्रा ट्रैक्टर टेलर सहित | 48/2020 | Without no. (Engine no. RJNE00441) (Chachis no. RJNE00441) | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 32 | पिकअप मैन | 43/2020 | WB-73D-0007 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 33 | कत्था रंग का टाटा 709 मिनी ट्रक | 06/2021 | Reg. not clear | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 34 | महिन्द्रा सवारी | 53/2020 | JH-11D-8582 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 35 | स्प्लेंडर प्लस मोटर साईकिल | 29/2020 | JH-12J-7783 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 36 | टाटा 207 पिकअप मैन | 37/2018 | BR-02M-1250 | सतगावाँ प्रक्षेत्र |
| 37 | टेम्पो | 07/2020 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 38 | पिकअप मैन | 36/2020 | JH-02Y-6796 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 39 | जे0सी0बी0 मशीन | 40/2020 | Without no. | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 40 | टाटा 709 ट्रक | 45/2020 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 41 | जे0सी0बी0 मशीन | 09/2021 | Engine no. 4H2295/1028206 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 42 | शक्तिमान ट्रक | 09/2021 | Without no. | |
| 43 | टाटा 407 मिनी ट्रक | 26/2020 | JH-17D-2845 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 44 | महिन्द्रा बोलेरो पिकअप मैन | 27/2020 | JH-02AA-3106 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 45 | दस चक्का ट्रक | 30/2020 | JH-12C-2469 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 46 | हीरो होण्डा मोटर साईकिल पुराना | 33/2020 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 47 | पुराना होण्डा साईन मोटर साईकिल | 17/2020 | JH-12J-2599 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 48 | मोटर साईकिल सी0डी0 डिलक्स | 06/2020 | JH-12B-3930 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 49 | टाटा 407 ट्रक | 54/2018 | Without no. | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 50 | टाटा मैजिक | 25/2017 | JH-12B-7031 | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 51 | 06 चक्का ट्रक | 11/2017 | JH-12B-0437 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 52 | ट्रक एल0पी0 | 17/2017 | HR-64-8752 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 53 | एचएमटी ट्रैक्टर टेलर सहित | 20/17 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह) |
| 54 | बारह चक्का ट्रक | 12/14 | JH02AB-1744 | चंदवारा थाना काण्ड सं0 53/14 |
| 55 | शक्तिमान ट्रक | 22/2017 | DIS-044 | डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह) |

आम नीलामी की शर्तें :-

(1) आम नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति/फर्म/प्रतिष्ठान का GST निबंधन होना अनिवार्य होगा।
(2) आम नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कोडरमा वन प्रक्षेत्र के कार्यालय परिसर में रखे गये वाहनों की अग्रधन की राशि 10000/- रू0 (दस हजार रूपए) (Gate Money) नकद या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अपराह्न 02:00 बजे तक, जो वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से एवं कोडरमा जिला स्थित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में भुगतेय हो, जमा करना होगा।
(3) सफल क्रेता को प्रत्येक वाहन के क्रय मूल्य का 25 प्रतिशत प्रतिभूति की राशि दिनांक 10.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के कार्यालय में जमा करना होगा।
(4) प्रत्येक वाहन के लिए सफल क्रेता को आम नीलामी की तिथि से 30 दिनों के अन्दर क्रय मूल्य की पूरी राशि, आयकर, शेष कर एवं GST अधिनियम के तहत् अनुमान्य कर का भुगतान करना होगा तथा GST अधिनियम के तहत् देय कर का भुगतान रिभर्स चार्ज मैकेनिज्म (R.C.M) के अंतर्गत करना होगा तथा चालान एवं रिर्टन की छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त ही वाहन ले जाने की अनुमति दी जायेगी।
(5) सफल क्रेता को वाहन को ले जाने (जो वाहन जहाँ है वहीं से) अपने खर्च पर करना होगा।
(6) असफल क्रेता को अग्रधन की राशि यथाशीघ्र वापस कर दी जायेगी तथा सफल क्रेता का अग्रधन की राशि वाहन के क्रय मूल्य में समायोजित कर दी जायेगी।
(7) आम नीलामी की तिथि, समय, स्थान आदि में परिवर्तन/रद्द इत्यादि करने का पूर्ण अधिकार वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल को सुरक्षित रहेगा।
(8) सफल क्रेता, आम नीलामी की तिथि से 30 दिनों के अन्दर वाहन के क्रय मूल्य की राशि, आयकर, शेष कर एवं GST अधिनियम के तहत् देय कर का भुगतान नहीं करता है तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन एवं प्रतिभूति की राशि बिना कारण बताये हुए झारखण्ड राज्य सरकार के पक्ष में forfeit कर ली जाएगी।
(9) वाहन क्रय के बाद, वाहन का निबंधन एवं अन्य नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई की जिम्मेवारी क्रेता की होगी।
(10) इक्षछुक व्यक्ति/फर्म/प्रतिष्ठान उपर्युक्त वाहनों को (जो जहाँ है, जिस स्थिति में है) किसी भी दिन कार्यालय अवधि में उनके रखे गये स्थान पर देख सकते है।
(11) विवाद होने की स्थिति में उसका अंतिम निपटारा स्थाल कोडरमा रहेगा।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

PR 358863 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D

## कचहरी मैदान खूंटी में आकांक्षा हाट और सम्मान समारोह पांच अगस्त से

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले को नीति आयोग द्वारा तीन मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान जिले के फ्रंटलाइन वर्कर्स को भी सम्मानित किया जायेगा। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत खूंटी जिले को कृषि, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे तीन प्रमुख मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के लिए ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया जायेगा। इस उपलब्धि पर पांच, छह और सात अगस्त को आकांक्षा हाट और सम्मन समारोह का आयोजन किया जायेगा। पहले यह कार्यक्रम दो से चार अगस्त तक आहूत था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसकी तिथि में परिवर्तन किया गया है। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान आकांक्षी मानकों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्टॉल्स की स्थापना की जायेगी।

# पिपरवार के बिजैन सरना स्थल में किये जा रहे खनन कार्य को ग्रामीणों ने बंद कराया

### ग्रामीणों की चेतावनी-कहा मांगें पूरी नहीं होने पर होगा आंदोलन तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार के अशोक परियोजना कोयला खदान विस्तारीकरण के लिए ग्राम बिजैन के सरना स्थल में किये जा रहे खनन कार्य को ग्रामीणों ने विरोध करते हुए बंद करा दिया है। जानकारी के मुताबिक अशोक परियोजना कोयला खदान के विस्तारीकरण के लिए ग्राम बिजैन गांव के विस्थापित ग्रामीणों को पूर्व में ही न्यू बिजैन पुर्नवास केंद्र में बसाया गया है, जिसके बाद गांव के स्कूल, मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों को भी शिफ्टिंग किया जा रहा है, लेकिन सरना स्थल को अभी तक दूसरी जगह पर बगैर शिफ्टिंग किये प्रबंधन के



विस्थापित ग्रामीणों द्वारा बंद कराया गया खनन का काम।

द्वारा कोयला खनन का काम शुरू कर दिया गया है। शनिवार को इसकी जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में विस्थापित ग्रामीण मौके पर पहुंचकर इसका विरोध करते हुए खनन कार्य को बंद करा दिया।

इस संबंध में विस्थापित नेता रंथु गंझु ने बताया कि बिजैन गांव में सरना स्थल गुरु गवाट का प्रकृति पूजा ग्रामीणों के द्वारा उनके पूर्वजों के समय से करते आ रहे हैं, लेकिन सीसीएल प्रबंधन द्वारा सरना स्थल में खनन का कार्य किया जा रहा है, जिसका बिजैन गांव के रैयत विस्थापित ग्रामीण ने पुरजोर विरोध किया और खनन कार्य का कामकाज बंद करा दिया है। विस्थापित नेता रंथु गंझु ने बताया कि सरना स्थल को दूसरे जगह शिफ्ट नहीं किया गया है और प्रबंधन द्वारा खनन कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बिजैन गांव के विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में सीसीएल प्रबंधन को 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन अभी तक प्रबंधन के द्वारा मांगों को लेकर कोई पहल नहीं किया गया है, जिसके कारण विस्थापित ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सरना स्थल को दूसरे जगह शिफ्ट नहीं किया जाता है तब तक खनन का कार्य नहीं होने दिया जायेगा। वहीं सीसीएल प्रबंधन को दिये गये 22 सूत्री मांग यदि जल्द पूरी नहीं होती है, तो विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सिल्ली ने खेल के क्षेत्र में लहराया जीत का परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

मुरी। डीएवी पब्लिक सिल्ली ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल (2025-26) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 41 स्वर्ण पदक, 37 रजत पदक, 37 कांस्य पदक और 14 ट्रॉफियां जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता झारखंड के विभिन्न डीएवी स्कूलों में आयोजित की गयी थी, जिसमें गुमला, गढ़वा, डाल्टनगंज, भवनाथपुर स्कूल के टीमों हेहल शामिल है। जिसमें डीएवी सिल्ली के 114 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 115 पदक जीत कर आए और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विभिन्न खेलों में कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्राप्त किये। विद्यालय की प्राचार्या बी. शरण ने





समस्त विद्यालय परिवार की ओर से खेल शिक्षक विजय कुमार मंडल, वुशु खेल प्रशिक्षक सैयद वाहिद अली तथा सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी का गठन

बुंडू (आजाद सिपाही)। शनिवार को अंजुमन इस्लामिया, अली कॉलोनी में एक बैठक रखी गयी। संरक्षक अली अल अराफ़ात के नेतृत्व में कमेटी का पुर्नगठन किया गया, जिसमें पदाधिकारियों को निम्नलिखित जिम्मेदारी दी गयी। सदर - अताउल खान नाईब सदर - मो अरशद एवं मो जमील। सचिव - मो मुस्ताक नाईब सचिव - मो जमील खजांची - मो आजाद सदस्य - मो अजीज, मो अबु अब्बास अली, मो अशरफ, मो आलम, मो शमशाद, मो मनान, मो शमीम, मो अख्तर, मो मतीन। साथ ही युवा कमेटी का भी गठन किया गया जिसमे सदर - मो शाहनवाज नाईब सदर- मो शाहिद एवं मो साबिर सचिव - मो सबा नाईब सचिव - मो आसिफ सदस्य - मो रमीज, मो जावेद, मो सैफ, मो तल्हा, मो वजाद चुने गये। अली अल अराफ़ात ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी-अपनी भूमिका का अच्छी तरह से निभाएं।

## उलीडीह टोला में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा

रडगांव (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के रडगांव पंचायत के उलीडीह टोला में लगभग दो सप्ताह से खराब पड़े 100 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय जनता दल तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष संतोष गुप्ता के द्वारा किया गया। लगभग दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण उलीडीह टोला के साथ साथ रांची टाटा रोड के कई होटलों, दुकानदार तथा गैरेज प्रभावित थे, ग्रामीणों एवम् दुकानदारों ने स्थानीय नेताओं, बिजली विभागों से संपर्क किया, मगर कोई सुनने वाला नहीं था, इस घटना की जानकारी जैसे ही राष्ट्रीय जनता दल तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष संतोष गुप्ता को मिली तुरंत विभागीय कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया।

## राहे अंचल में नये सीओ ने पदभार ग्रहण किया

राहे (आजाद सिपाही)। राहे अंचल में शनिवार को नये सीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इन्होंने पूर्व सीओ जया शंखी मुरमू से पदभार ग्रहण किये। पूर्व सीओ जया शंखी मुरमू का स्थानांतरण डीटीओ लोहरदगा में हुआ है। नये सीओ ने पदभार ग्रहण करने के बाद अंचल के सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और अंचल के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अंचल के सभी लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों में कोई कठिनाई नहीं होगी और सभी कार्यों का समय पर निष्पादन किया जायेगा। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, उपप्रमुख उमेश महतो आदि मौजूद थे।



## बांकू गांव में 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगा

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हारिन पंचायत अंतर्गत बांकू गांव में विधायक अमित महतो के पहल पर 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। शनिवार को विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी के उपस्थिति में ग्रामीणों ने विधिवत पूजन के बाद ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया गया। एक पखवाड़े बाद गांव में बिजली आने पर ग्रामीणों में काफी खुशी मनाई। मौके पर प्रखंड सचिव छोटू मुंडा, दीनबंधु महतो, बासुदेव महतो, मनीष महतो, सुभाष महतो, सुदेश महतो, ललित सिंह मुंडा, मोहित सिंह मुंडा, अरविंद महतो, पंकज महतो, सुशीला देवी, रोपनी देवी आदि मौजूद थे।

## ईचागढ़ के नारो से हुटुप तक जानेवाली सड़क जर्जर

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नारो से हुटुप तक सड़क काफी जर्जर हो गया है। पुरे सड़क पर गड्ढे बन गये हैं, जिससे पानी भरने से तालाब में तब्दील हो चुका है। स्कूली बच्चों को विद्यालय आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन चार पहिया व दो पहिया वाहन दुर्घटना का शिकार होता है। वहीं भाजपा नेता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि छोटे चक्का का वाहन तो सड़क पर चल ही नहीं पा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई गंभीर मरीज होने पर एंबुलेंस गांवों में नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि नारो, हुटुप, आमड़ा, गुडडी आदि गांवों के लिए मुख्य सड़क है, सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों का आवाजाही में काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार और विभाग से जल्द से जल्द सड़क का मरम्मती कराने का मांग किया है।



## वज्रपात से मारे गये रामू गोप के परिवार को समाजसेवी ने दी आर्थिक मदद

खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड के घासीबारी निवासी समाजसेवी और तेली समाज के प्रवक्ता लक्ष्मी नारायण प्रसाद ने शनिवार को तिलमी गांव जाकर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मारे गये किसान रामू गोप के परिवार वालों से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक मदद दी। ज्ञात हो कि तिलमी गांव के रामू गोप की मौत 22 जुलाई को मवेशी चराने के दौरान वज्रपात से हो गयी थी। लक्ष्मी नारायण प्रसाद ने मृतक की पत्नी टुपन देवी एवं परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन द्वारा सरकार से जो भी संभव हो, दिलाने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर परिवार वालों को चावल, दाल, चूड़ा, गुड़ आदि दिये गये। इस अवसर पर रामप्रसाद गोप, अंकित बड़ाईक, देवेंद्र कुमार साहु, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।



# अड़की प्रखंड कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन, बसंत सेठ बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को अड़की प्रखंड कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर और नियुक्ति पत्र दे कर स्वागत किया और कहा कि जितने भी नियुक्त पदाधिकारी हैं, सभी कोई संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि गांव गांव जाकर लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुए समाधान करने की कोशिश करें और जो संभव नहीं हो सका उसे जिला में बताएं, ताकि जिला स्तर पर समस्या का हो सके। समाधान



करने नवगठित अड़की प्रखंड कमेटी में प्रखंड अध्यक्ष बसंत सेठ, उपाध्यक्ष बिसंबर मुंडा, और सबरधन लोहरा, महासचिव नेपाल स्वासी, मो अजहर अंसारी, रामेश्वर स्वासी, गोला मुंडा, सुखराम मुंडा, सबरन नाग, सोहराई मुंडा, गुड्डु मुंडा, आसमान मुंडा को प्रखंड कमेटी में जगह दी गयी। मौके पर प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव सह अड़की प्रवेक्षक नईमुदीन खां, जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि पांडेया मुंडा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी सांसद प्रतिनिधि विलसन तोपनो, कयूम अन्सारी, संजय साहु, सुरेन दास, साधन दत्ता अड़की सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मुंडा, अजय साहू आदि उपस्थित थे।

# उर्सुलाइन कॉन्वेंट में इंटर-हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में चल रहे इंटर - हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता के समापन वाले दिन सीनियर ग्रुप में संत उर्सुला हाउस और फादर जॉन लैंबर्ट्ज हाउस के लड़कों के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें फादर जॉन लैंबर्ट्ज हाउस 3-0 से विजयी रही। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तथा पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक शेखर बोस उपस्थित थे। 31 जुलाई से आरंभ इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस को सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में बांटा गया था जिसमें लड़कों और लड़कियों की अलग-अलग टीमें बनी थी। सब - जूनियर टीम में लड़कों में संत जेवियर हाउस, लड़कियों में संत एंजेला हाउस, जूनियर ग्रुप में लड़कों में संत उर्सुला हाउस तथा



लड़कियों में संत एंजेला हाउस तथा सीनियर ग्रुप में लड़कों में फादर जॉन लैंबर्ट्ज और लड़कियों में संत जेवियर की टीम विजयी रही।

इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में विद्यालय की स्पोर्ट्स कमिटी के शिक्षक प्रभाकर शर्मा, अम्बुज कर्मकार, जॉन डुंगडुंग, रोहित खेस, आरती तिर्की और अनिमा कांसीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि शेखर बोस ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार फुटबॉल में सारे खिलाड़ी गोल करने के लिए भागते हैं उसी प्रकार विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों को अपने जीवन का गोल बनाकर उसी की ओर अग्रसर होना चाहिए। अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकना चाहिए। अंत में सभी विजेता और उप-विजेता टीम के खिलाड़ियों के बीच ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति - पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात धन्यवाद - ज्ञापन के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं के अलावा माता - पिता, अभिभावक सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए डॉन बॉस्को एकेडमी के चार छात्रों हुआ का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

मैकलुस्कीगंज। डॉन बॉस्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज के चार छात्रों का चयन राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पिछले महीने जुलाई में धनबाद में आयोजित सीआईएससीई रीजनल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण डॉन वास्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज के चार विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में रोहन कुमार, कुश कुमार, मयंक राज और एन्जेसवेल का नाम शामिल है। धनबाद में हुई प्रतियोगिता में पटना, भागलपुर, जमशेदपुर और रांची की सीआईएससीई टीमों ने भाग लिया था। जिसमें रांची जोन से डॉन



वास्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज के छः विद्यार्थीयों ने भाग लिया था। जिसमें इन चारों विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन खिलाड़ियों का चयन सीआईएससीई रीजनल टीम द्वारा किया गया है और अब वे आगामी सितंबर माह में तमिलनाडु में आयोजित होने वाली सीआईएससीई राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं धनबाद में भाग लिए खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को लेकर डॉन बॉस्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज के खेल शिक्षक मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता को लेकर अभ्यास शुरू कर दिया गया है और खिलाड़ी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ तैयारी में जुटे हैं। विद्यालय के सहायक प्राचार्य जोशी टी.डी. ने इन छात्रों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## करंट लगने से बच्ची की हुई मौत

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ में बीती रात करंट की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गयी। मृतक बच्ची की पहचान 13 वर्षीय बुंची कुमारी पिता सकलदीप मल्लाह के रूप मे की गयी है। वह मूलरूप से हजारीबाग जिला के ग्राम फतहा चौक का बताया गया है और वर्तमान मे पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ मे अपनी बुआ के पास रहती थी।

## तमाड़ अंचल में समरेश सीओ के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे

तमाड़। तमाड़ अंचल में समरेश प्रसाद भंडारी सीओ के रूप में पदस्थापन सरकार के द्वारा किया गया है। वे संभवतः सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे। वे गोला अंचल रामगढ़ में पदस्थापित हैं।

## कोयला कारोबारी अरशद के ऊपर फायरिंग को लेकर थाना में मामला दर्ज

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ के समीप एक अगस्त को कोयला कारोबारी अरशद अंसारी के उपर हुई फायरिंग को लेकर पिपरवार थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि कोयला कारोबारी अरशद अंसारी के लिखित आवेदन पर पिपरवार थाना में कांड संख्या 21/25 के तहत अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## खूंटी में भव्य रूप से मनाया जायेगा आदिवासी महोत्सव

खूंटी (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आदिवासी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नौ अगस्त को जिला स्तर पर भव्य रूप से आदिवासी महोत्सव के लिए रूपरेखा तय की गई तथा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के विभिन्न आयामों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक खेलकूद, स्थानीय कलाकारों की भागीदारी, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्रण, प्रचार-प्रसार एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव जनजातीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन का एक सशक्त माध्यम है, जिसे जनसहभागिता से सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# सावन महोत्सव भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। श्रावण मास के पावन अवसर पर खलारी स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर परिसर में शनिवार की रात एक भव्य 'सावन महोत्सव भक्ति जागरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सौजन्य से आयोजित इस समारोह में भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे द्वारा भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती और बजरंगबली की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि खलारी के पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि खलारी सीओ प्रणव अंबष्ट, जिप सदस्य सरस्वती देवी सहित अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का औपचारिक



उद्घाटन किया गया। अतिथियों ने पूजा स्थल पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद मंच पर आमंत्रित कलाकारों, अतिथियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सबसे खास प्रस्तुति रही धनबाद से पधारे पांडेय जागरण मंडली की भक्ति संध्या, जिसने रातभर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंडली के साथ आए महुआ चैनल के लोकप्रिय गायक धीरज पांडेय और लोकप्रिय गायिका स्वीटी बंसल ने भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीराम और हनुमान पर आधारित एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। पूरे पंडाल में जय शिव शंकर, हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। कार्यक्रम में धार्मिक झांकियों का विशेष आकर्षण भी रहा। इसे राजू हलवल नाटक मंडली ने प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत विभिन्न झांकियों ने सभी दर्शकों को आकर्षित किया और श्रद्धा भाव से भर दिया। देर रात तक चले इस जागरण कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति गीतों व झांकियों का भरपूर आनंद लिया।

सावन की हरियाली में सजे इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ने श्रद्धालुओं को अध्यात्म, भक्ति और मनोरंजन का अनुपम अनुभव प्रदान किया, जो लंबे समय तक खलारीवासियों की यादों में बना रहेगा। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। डीएसपी आरएन चौधरी और पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो के नेतृत्व में पुलिस बल सक्रिय रूप से मौजूद रहा। समारोह के दौरान खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार, भोला साव, रोहित परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, सिद्धेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश राय, अरविंद, अमरेश आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## लपरा विकासनगर से कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। लपरा विकासनगर से कांवरियों का एक जत्था शनिवार को बाबाधाम रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने लपरा शिव मंदिर में विशेष पूजा कर बाबा भोलेनाथ से अपनी यात्रा की कुशलता के लिए आशीर्वाद लिया। ये सभी श्रद्धालु सबसे पहले सुलतानगंज पहुंचकर पवित्र गंगा जल भरेंगे और पदयात्रा कर देवघर स्थित बाबा धाम पहुंचेंगे। वहां जलाभिषेक के पश्चात वे बासुकीनाथ में भी पूजा-अर्चना करेंगे। बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं में विनय यादव, बबिता देवी, अनुराग यादव, विजय यादव, रत्नेश यादव, रामजतन टाना भगत आदि शामिल है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# पीएम किसान सम्मान योजना से किसान हो रहे समृद्ध : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा/सिकिदिरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी के सेवापुरी प्रखंड के बनौली गांव से शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त सीधे किसानों के खाते में हस्तांतरित की गयी। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ एवं विशिष्ट अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ एससी दुबे उपस्थित थे।



मौके पर संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा दिया गया है। हमारे प्रधानमंत्री देश के जवानों एवं किसानों के लिए हमेशा कुछ बेहतर करने की सोच रखते हैं। विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम कृषि सिंचाई योजना, पीएम फसल बीमा योजना, हेल्थ कार्ड आदि योजनाओं का निरंतर लाभ लेते हुए देश के किसान समृद्ध हो रहे हैं। पिछले छह वर्षों से किसानों को इस योजना का लाभ मिल रहा है, जिसके तहत प्रत्येक वर्ष तीन किस्तों में कुल 6 हजार रुपये किसानों के खाते में सीधा ट्रांसफर किया जाता है। पुनः इस योजना की 20वीं किस्त के रूप में कुल 9 करोड़ 70 लाख किसानों के खातों में 20 हजार 500 करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किये जायेंगे। यह योजना किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित हुई है।

कुलपति एससी दुबे ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के द्वारा किसानों को बहुत ही अधिक लाभ हुआ। बताया कि विभिन्न कृषि योजनाओं के साथ कृषि अनुसन्धान द्वारा भी किसान बहुत अधिक लाभान्वित हुए हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशानंद ने कहा कि किस तरह कृषि क्षेत्र ने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दिया है। बताया कि किसानों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र रांची नित्य नये-नये शोधों पर कार्य कर रहा है।

# राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में शामिल होंगे बीसा के रामदास बेदिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** बीसा के रामदास बेदिया को राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित भोज में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। राष्ट्रपति भवन से प्रेषित निमंत्रण पत्र शनिवार को रामदास बेदिया को मिला है। यह पत्र देने डाक निरीक्षक सिकंदर प्रधान एवं अधिदर्शक समीर कुमार साहू स्वयं बीसा पहुंचे थे। डाकपाल बैजनाथ महतो ने रामदास बेदिया को आमंत्रण पत्र सौंपा।

इस मौके पर उपस्थित भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान केंद्र की सरकार ने गांव के गरीब किसानों को सम्मान देने का काम किया है, इससे पूर्व की सरकार कभी भी गांव के किसान और गरीब तबके के लोगों की सुध नहीं ली थी। यह बीसा पंचायत के लिए गौरव की बात है।

बताया गया कि रामदास बेदिया ने उन्हें आबंटित प्रधानमंत्री आवास योजना निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण किया है। इसके सम्मान में उन्हें यह आमंत्रण दिया गया है। प्रो सत्यदेव मुंडा ने राष्ट्रपति भवन बुलाने के लिए आभार व्यक्त किया है।

इस मौके पर रामदास की पत्नी तिलकी देवी, मुखिया संज्योति देवी, उपमुखिया संजय भोगता, देवनारायण बेदिया, मेघनाथ बेदिया, पवन बेदिया, देवनाथ बेदिया आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### नीरजा सहाय डीएवी में याद किये गये मोहम्मद रफी




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में शनिवार को प्रात:कालीन प्रार्थना सभा मोहम्मद रफी के गानों की सुरीली मदहोशी में डूबी रही। ज्ञातव्य है कि विगत 31 जुलाई को सुर सम्राट कालजयी सुरों के धनी रफी सहाब की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार की प्रार्थना सभा पूरी तरह संगीतमयी रही। प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि एक तो गाने और संगीत वैसे ही हमारी सारी थकान को दूर करने के लिए काफी होते हैं, उस पर अगर वे गाने रफी जी के हों तो बात ही क्या है। हमें भी जीवन की आपाधापी में थोड़ा समय खुद के लिए भी निकालना चाहिए।

### ऑक्सब्रिज स्कूल में इंटरैक्टिव मोटिवेशनल सेशन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सब्रिज स्कूल में शनिवार को इंटरैक्टिव मोटिवेशनल सेशन किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर उज्जवल कुमार द्वारा किशोरावस्था के महत्व को बताया। समयानुसार खुद पर नियंत्रण, माता-पिता और शिक्षकों पर भरोसा कर बुरी आदत या लत से बचते हुए एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक तौफीक आलम, प्राचार्य ईवोन ई एक्का आदि उपस्थित रहे।

### ईंटा के बिरगोड़ा पुल से शव बरामद


**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना क्षेत्र के ईंटा गांव के बिरगोड़ा पुल के समीप शनिवार की अपराह्न लगभग एक बजे एक 44 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन से टकरा कर दर्दनाक मौत हो गयी। नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि मृतक की पहचान ईंटा गांव निवासी 44 वर्षीय आदम अंसारी पिता अमजद अंसारी के रूप में की गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आम आदमी का अधिकार पेसा कानून में निहित है : दीपक बड़ाइक




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय ओरमांझी में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक ने मुख्य ट्रेनर की भूमिका निभाते हुए लोगों को समझाया कि पेसा कानून में आम आदमी का अधिकार निहित है। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, पंसस ललिता देवी, शशि मिश्र, रश्मि रेखा तिर्की, ट्रेनर नजमूल हक, मुखिया रोज लिन लकड़ा, पार्वती देवी, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा, प्रेम नाथ मुंडा, बालक पाहन, नंद किशोर मुंडा, लखेश्वर मुंडा, शिवनाथ मुंडा, अनिता लिंडा उपस्थित थे।

### अभाविप का केसीबी कॉलेज में सदस्यता अभियान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान पूरे झारखंड प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में प्रारंभ हो गया है। इसके तहत शनिवार को करमचंद भगत महाविद्यालय में दूसरे दिन प्रादेशिक विश्विद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ बेड़ो इकाई नगर मंत्री विक्रम कुमार महतो व आकाश रक्षित के नेतृत्व में करमचंद भगत महाविद्यालय में भी एबीवीपी का सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर शिवेंद्र सौरभ ने कहा कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। आकाश रक्षित ने अभाविप के कार्यों, विचारों व उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। विक्रम कुमार महतो ने बताया कि इस वर्ष अभाविप रांची ग्रामीण को दस हजार की संख्या में सदस्यता कराने का लक्ष्य संगठन की ओर से दिया गया है। जिसके तहत कॉलेज में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर कॉलेज के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने अभाविप के कार्यों एवं विचारों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। अभाविप का सदस्यता अभियान चलाने में हेमन्त कुमार, काजल कुमारी, उमा कुमारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध, सतकनादू कांके में मशाल जुलूस निकाला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** प्रखंड के सतकनादु पंचायत कांके में बिजली का स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में पंचायत के मुखिया अजय उराव के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की बिजली विभाग मुर्दाबाद, राज्य सरकार मुर्दाबाद, केंद्र सरकार मुर्दाबाद, अडानी मुर्दाबाद के नारे लगते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया।



वहीं सत कनादु के सदर मोजिबुल रहमान ने कहा कि केंद्र सरकार ने जब से बिजली विभाग का कार्य निजी कंपनियों को दिया है, तब से आमजनों में बिजली अभिशाप के तरह देखा जा रहा हैं। वहीं पंचायत समिति प्रतिनिधि मो जियाउद्दीन अंसारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगवा कर सरकार निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है और गरीबों का शोषण करेगी। स्मार्ट मीटर से शारीरिक नुकसान होने की भी गुंजाइश है, इसलिए हम पंचायत वासी स्मार्ट मीटर का विरोध करते हैं। पंचायत के किसी भी गांव के घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। विरोध प्रदर्शन में बसिरुल अंसारी, शाहजहां अंसारी, इमरान जिलानी, तारिक अनवर, वैस अंसारी, नईम अंसारी, तफिजुल अंसारी, नइस अंसारी, असलम अंसारी, बनिहासिम अंसारी, गुलजार खान, कलीम खान, प्रकाश लोहरा, मोइज खान, जीतराम महतो, चंद्रनाथ महतो, कुलदीप ओरांव, सुनील महतो, राजनाथ महतो, मनोज लोहरा, बीरेंद्र महतो, संजय मुंडा, शंकर मुंडा शामिल थे।

# झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम और नाइलिट के बीच एमओयू

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड गवर्नमेंट टूल रूम और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के बीच एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर शनिवार को हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते का उद्देश्य एक अत्याधुनिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) लैब की स्थापना करना है, जो उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और प्रशिक्षण को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईआर वी.भी सिंह अध्यक्ष दा इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) मौजूद थे। झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के कार्यकारी निदेशकर रांची केंद्र प्रोफेसर डॉ नितिन कुमार पुरी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। यह साझेदारी छात्रों को अत्याधुनिक उपकरणों व प्रशिक्षण संसाधनों की सुविधा प्रदान करेगी। जिससे उन्हें नवीनतम तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे और आधुनिक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान टूल रूम रांची के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी एक मील का पत्थर है जो तकनीकी शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। वहीं नाइलिट के कार्यकारी निदेशकर रांची केंद्र प्रोफेसर डॉ नितिन कुमार पुरी ने कहा कि हम मिलकर एक ऐसा मंच तैयार करेंगे जो युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। एमओयू हस्ताक्षर करते वक्त टूल रूम के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो, फैकल्टी कुमार अविनाश, संजय प्रसाद एवं एनआईईएलआईटी के तरफ से सचिन कुमार, धर द्विवेदी सीनियर टेक्निकल ऑफिसर उपस्थित थे।



## तीन महीने का मानदेय नहीं मिलने पर चलंत पशु चिकित्सालयकर्मी हड़ताल पर




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** तीन माह से मानदेय नहीं मिलने से नाराज चलंत पशु चिकित्सालय (एमवीयू 1962) कर्मी एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। कर्मियों ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त पहल पर झारखंड में चलंत पशु चिकित्सालय की शुरूआत की गई। चलंत पशु चिकित्सालय में पायलट पारा वेट एवं डांक्टरों की टीम गांव-गांव जाकर बेजुबान पशुओं का इलाज कर रही है। जिससे राज्य के पशुपालकों को काफी सुविधा हो रही है। लगातार सेवा देने के वाबजूद कर्मियों को मई, जून एवं जुलाई महीने का मानदेय नहीं दिया गया है। मानदेय की मांग करने पर कंपनी स्पष्ट कहती है कि अबतक सरकार की तरफ से एक रुपए का भी भुगतान नहीं किया गया है, जबकि कंपनी ने अपनी तरफ से पिछले आठ महीनों से भुगतान करती आयी है। जैसे ही सरकार भुगतान करेंगी, एक घंटे के अंदर सभी को पैसा ट्रांसफर हो जायेगा। अन्यथा कंपनी भुगतान के लिए सक्षम नहीं है। रांची जिला संघ के सचिव संजीत प्रजापति, प्रदेश मिडिया प्रभारी राहुल, मिथुन महतो ने बताया कि मानदेय नहीं मिलने से अपना एवं परिवार के जीवन-यापन में परेशानी हो रही है।

## न्याय के मंदिर, सिविल कोर्ट रांची में व्यापक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के संदेश के साथ शनिवार को रांची के न्यायायुक्त ने सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ मिल कर सिविल कोर्ट परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान द्वारा हाल हीं में किये गये निरीक्षण के दौरान दिये गये दिशा निर्देश के आलोक में शुरू किया गया है। मौके पर न्यायायुक्त ने कहा कि न्यायालय परिसर की सफाई और गरिमा बनाये रखना आवश्यक है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने भी इस भावना को दोहराया और अधिवक्ताओं व कर्मचारियों से अपने आस-पास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। यह अभियान 10 अगस्त तक चलेगा। जिसमें सभी कोर्ट ब्लॉक, प्रतीक्षा क्षेत्र, रिकॉर्ड कक्ष और आसपास के रास्तों की साफ- सफाई की जाएगी। इस अवसर पर कोर्ट स्टाफ, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, बार सदस्य सहित कई स्वयंसेवकों ने इस नागरिक जिम्मेदारी में भाग लेने की शपथ ली।

## 15 लाह उत्पादक किसानों के बीच सेमियालता पौधे का किया गया वितरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उद्योगिनी संस्था रांची द्वारा द्वारा शनिवार को प्रखंड के राजाडेरा, सुपा एवं हेसल गांव के 15 लाह उत्पादक किसानों के बीच 3 हजार सेमियालता पौधे का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रत्येक किसान को 200 पौधे दिए गए। मौके पर संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता दिलीप कुमार मिर्धा ने बताया कि नियमित रूप से लाह की खेती करने वाले वैसे किसान जिनके पास कुसुम और बेर का पेड़ नही है, उन्हें सेमियालता का पौधा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पौधा लाह की खेती के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक वृक्ष है। यह जिले के कई प्रखंडों में किसानों के लिए आय का एक अच्छा स्त्रोत बनकर उभरा है। बताया कि यह पौधा अगले दस वर्षों तक लाह खेती के लिए उपयोगी रहता है। इस पौधे पर लाह की खेती एक लाभदायक व्यवसाय है। जो किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद कर सकती है। दिलीप मिर्धा ने कहा कि उद्योगनी संस्था का उद्देश्य है लाह खेती से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की और इस दिशा में संस्था द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर संगीता देवी, फील्ड वर्कर सहित अन्य मौजूद थे।

# बेड़ो में बांकुड़ा घोड़ा के पंडाल में विराजेंगे बप्पा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** श्री राधेकृष्ण यूथ संगम बेड़ो के तत्वावधान में गणेश पूजा महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश पूजा बेड़ो थाना परिसर में भव्य व आकर्षक 90 फीट लंबी 55 फीट चौड़ी टेरोकोटा घोड़ा जिसे बांकुड़ा घोड़ा के भव्य पंडाल में गणपति बप्पा विराजंगे। जहां पूरे पूजा पंडाल को टेराकोटा के घोड़ो जिसे बांकुड़ा घोड़ा भी कहते हैं जो अपनी लंबी गर्दन, सुंदर मुद्रा, और अनूठी अमूर्तता के लिए जाना जाता है, का प्रारूप दिया जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं को पूरे पूजा पंडाल में पारंपरिक टेराकोटा हस्तशिल्प, लोक कला का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। पूजा पंडाल के निर्माण में झोला, मिट्टी के बर्तन, कुल्हड़ का उपयोग किया जा रहा है जो श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेगा। जिसकी भव्यता रात्रि में देखते ही बनेगी। इसके निर्माण कार्य में बांकुड़ा के 45 कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर गणपति बप्पा का दर्शन करने के बाद, श्रद्धालु चलित मूर्ति का अवलोकन कर सकेंगे। समिति की ओर से इस वर्ष भव्य विद्युत सज्जा भी की जा रही है। पूजा पंडाल आने वाले मार्गों पर कई तोरण द्वार जिसमें एफिल टावर, ड्रैगन, तितली द्वार, लोगों को अपनी और आकर्षित करेगा। रांची गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा मार्गों पर रंग-बिरंगे लाइटों से विद्युत सज्जा भी की जा रही है। बप्पा की भव्य मूर्ति का निर्माण पंकज पाल व बिल्टन पाल कर रहे हैं। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, अमन गुप्ता, अभिनव गुप्ता, उत्तम सोनी, विभाकर सिंह, राकेश साहू, आशीष महतो, प्रेम गुप्ता, अमित चीकू, अजय साहू, आशीष सोनी, शुभम गुप्ता, सौरभ खन्ना, अभिजीत, सुशांत राय, आकाश रक्षित, संकित मंगल, संदीप, रविंद्र, विकास, प्रीतम महतो, प्रिंस पांडे, गौतम गोप, गोलू, यशवंत, ऋतिक, रौनक, तुषार, दीपक लगे हुए हैं।

## हरातु मौजा में रेलवे का काम बंद करने को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरातु मौजा में रेलवे द्वारा बिना अधिग्रहण और मुआवजा दिये बिना काम किया जा रहा है। जिसे लेकर हरातु के ग्रामीणों ने रांची उपायुक्त को रेलवे का काम बंद कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि हरातु मौजा के हरातु गांव में रेलवे बिना जमीन अधिग्रहण का ग्रामीणों के जमीन पर जबरजस्ती कब्जा कर काम कर रहा है। इसके लिए ग्रामीणों ने हमेशा से रेलवे का विरोध किया है। रेलवे के पदाधिकारियों से अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज की मांग की है। किन्तु रेलवे और न ही राज्य सरकार के अधिग्रहण से संबंधित पदाधिकारी किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज ग्रामीणों को दिए है। इसके बावजूद ग्रामीणों को थाना में बंद कर उनके जमीन पर जेसीबी चलवाया गया है। ग्रामीण जब उच्च न्यालय गए, जहां रेलवे को काम रोकने के साथ-साथ अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज को कोर्ट में जमा करने और ग्रामीणों के जमीन में किसी भी प्रकार का कार्य ना करने का आदेश हुआ है। इसके बावजूद रेलवे ग्रामीणों के जमीन पर कार्य कर रहा है। जो उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए रेलवे के काम रुकवाने की मांग की है। मौके पर सिलवे मुखिया नूतन पाहन, अरविंद महतो, विवेक कच्छप, रोहन पाहन, निर्मल महतो, प्रकाश महतो के साथ हरातु गांव के ग्रामीण शामिल थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 05 date 26/07/2025. I, SANTOSH PANDEY @ SANTOSH KUMAR PANDEY S/o Ram Chandra Pandey aged about 44 years old by faith-Hindu, Nationality-Indian, R/o Village-chandwara, PO chandwara, PS chandwara Dist- Koderma, Jharkhand-825409 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am permanent resident of above mentioned place. 2. That My Daughter Name JAY SHRI PANDEY & Birth Certificate No. B-2024:20-02748-000016 in the name of SANTOSH KUMAR PANDEY s/o Ram Chandra Pandey. 3. That in my Aadhar Card No. 4974 0995 6262, my name is recorded as SANTOSH PANDEY s/o ram chandra pandey.
4 That No. in MY DAUGHTER BIRTH CERTIFICATE B2024 2002748000016 my name is recorded as also SANTOSH KUMAR PANDEY s/o Ram Chandra Pandey.
5. That I am known and named by two names SANTOSH PANDEY SANTOSH KUMAR PANDEY. I am one and same person above both names.
6. That the above contents of affidavit are true and correct, if found Talse, I shall be liable.

## प्रज्ञा केंद्र संचालक धरना में लेंगे हिस्सा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में कार्यरत प्रज्ञा केंद्र संचालक सह पंचायत तकनीकी विशेषज्ञ 4 ओर 5 अगस्त तक विधानसभा के समक्ष दो दिवसीय शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। इस संबंध में प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने एक ज्ञापन बीडीओ सुप्रिया भगत को भी सौंपा। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रज्ञा केंद्र संचालक ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा किहमलोग पांच सूत्री मांग को लेकर झारखण्ड विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन में शामिल रहेंगे इस दो दिन हम सामूहिक हड़ताल में रहेंगे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार को स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदान संस्था द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं को स्वच्छता के महत्व और इसके पालन के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।छात्राओं को वीडियो ग्राफी के माध्यम से मासिक धर्म कप के उपयोग और इसके लाभ, फिल्टर पानी ओर शौचालय का सही तरीके से उपयोग करने, 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को रोजगार से जुड़ने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, बीए में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति के अवसर के संबंध में जानकारी दी गयी। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम से छात्रों को अपने कौशल में सुधार करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रदान के प्रतिमा कुमारी समेत शिक्षक उपस्थित थे।

## सकरौली में युवक ने लगायी फांसी


किशुन उरांव की फाइल फोटो

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सकरौली गांव निवासी स्व बाकेश्वर उरांव का 22 वर्षीय पुत्र किशुन उरांव ने शनिवार सुबह 10.30 बजे के आस पास अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की मां रोपनी देवी ने बताया कि सुबह में वे मवेशियों के लिए घास काटने गयी थी किशुन उरांव घर में अकेला था। तभी मृतक की मां ने एक बच्ची को घर से चाय बनाकर लाने के लिए भेजी बच्ची जब घर पर आयी तो कमरे का दरवाजा और खिड़की बंद था। बच्ची ने जब डंडे से दरवाजा को धकेला तो वह खुल गया। बच्ची ने देखा कि किशुन कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ है। बच्ची शोर मचाते हुए बाहर दौड़ी आस पास के लोगों ने बच्ची की शोर सुनकर किशुन के घर पहुंचे और किशुन उरांव को फंदे से नीचे उतारा और उसे तुरंत रेफरल अस्पताल सिसई लेकर आये जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद किशुन उरांव को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया गया है।

## भास्कर एजुकेशनल एकेडमी घाघरा में मनाया गया सावन महोत्सव




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में सावन महोत्सव के अवसर पर ग्रीन डे का आयोजन किया गया। इस समारोह में छात्रओं ने ग्रीन इंडिया- ग्रीन झारखंड का संदेश दिया। रिमझिम फुहारों के बीच फि ल्मी गानों पर जमकर झूमे वहीं फनी गेम खेलकर स्टूडेंट्स ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस दौरान सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान शिव और धरती माता की पूजा अर्चना कर भारत की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। सावन उत्सव में सभी स्टूडेंट्स द्वारा शपथ लिया गया कि वे कभी भी प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। जब भी मार्केट जाएँगे अपने साथ थैला लेकर जाएँगे। साथ ही अपने आस पास में हरियाली लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि ग्रीन डे या सावन मनाने का मकसद पृथ्वी के बारे में जागरूकता फैलाना और हरियाली को बचाना है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रकाश पांडेय, शशि भूषण गोस्वामी, सोनी कुमारी, संध्या भास्कर, संगम भारती, नूतन सिंह, मेघा कुमारी, निशा कुमारी, नीरा कुमारी, सुभद्रा देवी, जूही कुमारी, सुमन किंडो, संध्या कच्छप, प्रियंका सिंह, कविता पांडेय, सारिका साहू, किरण कुमारी, स्मृति राय, ज्योति कुमारी, ज्योति देवी, लीना कुमारी, अनामिका कुमारी, किरण कुमारी, पूजा साहू, सरोज कुमारी, चन्दर कुमार व प्रमोद उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित कार्यक्रमों का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर गमहरिया और पाकरटोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित कार्यक्रमों का बीडीओ दिनेश कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने स्तनपान के महत्व को लेकर चल रहे गतिविधियों की सराहना की और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को माताओं के बीच इस विषय पर अधिक जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से बातचीत कर स्तनपान से जुड़ी उनकी समझ और समस्याओं को भी जाना। कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को मां का पहला दूध (कोलोस्ट्रम) देना बेहद जरूरी है, जिससे शिशु को रोग प्रतिरोधक क्षमता मिलती है। इसके साथ ही छह माह तक केवल मां का दूध देने की सलाह भी दी गयी। बीडीओ ने यह भी कहा कि स्तनपान को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने की दिशा में यह सप्ताह एक महत्वपूर्ण पहल है। इस मौके पर सुपरवाइजर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता और ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# ऑटो पलटने से सात लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कजरा मोड़ पर एक ऑटो के पलटने से कुल सात लोग हुए जख्मी। जिसमे से कुल चार लोगों को इलाज के लिये सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया। यह घटना शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे के आसपास की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बसिया प्रखंड क्षेत्र के गांव बरई में आयोजित एक बर्थ डे पार्टी में शामिल होने के बाद कुछ लोग एक आटो में सवार होकर कामडारा प्रखंड क्षेत्र के गांव चितापिड़ी जा रहे थे। उसी दौरान कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कजरा मोड़ के समीप ढलान में उक्त ऑटो असंतुलित होकर पलट गयी। जिसमें दीपक टुटी (ऑटो चालक) उम्र 25 वर्ष (गांव चिरुहातू खूंटी निवासी), बिरसमुनी कुमारी उम्र 21 वर्ष (गांव चिरुहातू, खूंटी निवासी), बिरसा लोहरा उम्र 32 वर्ष (गांव चितापिड़ी, कामडारा निवासी), चानी देवी उम्र 21 वर्ष(गांव चितापिड़ी, कामडारा निवासी), अविनाश लोहरा उम्र 03 वर्ष (गांव चितापिड़ी कामडारा), अनीता कुमारी उम्र 28 वर्ष (गांव बनई नवाटोली, बसिया) और सुनीता कुमारी उम्र 26 वर्ष (गांव बनई बसिया निवासी) गंभीर रुप से जख्मी हो गये हैं। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक नशे की हालत में था। जिसके कारण ऑटो असंतुलित होकर पलट गयी। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कामडारा पुलिस के सहयोग से उक्त सभी घायलों को एक एंबुलेंस के माध्यम से उठाकर ईलाज के लिये सीएचसी कामडारा में भर्ती करा दिया गया। लेकिन चिकित्सकों ने कुल चार घायलों चानी देवी, अविनाश लोहरा, अनिता कुमारी और बिरसा लोहरा की गंम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया है।

## अर्धनिर्मित शौचालय टंकी में गिरने से दो भाइयों की मौत

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के सुरहु नावाटोली निवासी कृष्णा साहु के अर्धनिर्मित शौचालय के टंकी में पानी भरा रहने से नावाटोली निवासी भुनेशवर साहु के दो पुत्र रितिक कुमार साहू उम्र 7 वर्ष और रियांश कुमार साहू 5वर्ष गिरने से दोनों सगे भाई की मौत हो गयी। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि आस पास के लोग धान रोपने के लिए खेत गये थे। गांव के भुटका साहू अपने जानवर को लाने के समय देखा कि बच्चे टंकी में डुबे है और इसकी खबर तत्काल गांव के ग्रामीण को दी। ग्रामीणों ने तत्काल पानी से बचें को निकाल कर कामडारा सीएचसी लाये जहां चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुनील खलखो ने जांच के बाद बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

## पड़हा व्यवस्था प्रतिनिधिमंडल ने चुंगी मामले में वार्ता के लिए सौंपा ज्ञापन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पड़हा व्यवस्था के एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को गुमला उपयुक्त, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, अनुमंडल पदाधिकारी से वार्ता के लिए अंचल कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा आगामी 7 दिनों के अंदर वार्ता के लिए समय की मांग की गयी है। पड़हा व्यवस्था के बेल सतीस उरांव ने कहा कि विगत कुछ माह से पड़हा व्यवस्था में शामिल बैग पुजार एवं महतो भंडारी के द्वारा साप्ताहिक बाजारों में चुंगी लिया जा रहा था। परंतु प्रखंड और पुलिस प्रशासन के द्वारा कुछ दिन पूर्व असंवैधानिक बता रोक लगा दी गयी है। जिसको लेकर प्रतिनिधि मंडल वार्ता के दौरान साक्ष उपलब्ध कराते हुए आगे का निर्णय लेने का निर्णय लिया है। प्रतिनिधि मंडल ने गुमला उपयुक्त, सांसद और अनुमंडल पदाधिकारी से वार्ता करने की मांग की है। वे चाहते हैं कि वार्ता के दौरान उनकी समस्याओं को सुना जाए और समाधान निकाला जाए।ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में सात पड़हा दीवान कुलदीप उरांव, बेल शिशुपाल उराव, महतो चंनेश्वर उरांव, दीपलाल नगेसिया, सहेंद्र उरांव, शंकर उरांव, सुनीत उरांव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अंचल दिवस पर उपायुक्त ने सुनी समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने शनिवार को जारी प्रखंड मुख्यालय आने के बाद प्रखंड मुख्यालय में लगे परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण किया। बता दें कि जारी प्रखंड में शनिवार को अंचल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जारी अंचल के विभिन्न गांवों से पहुंचे आवेदकों की जमीन संबंधी समस्याओं को सुना। इस दौरान जमीन विवाद, म्यूटेशन,सामाजिक सुरक्षा, प्रमाण पत्र से जुड़े कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 24 मामलों का निबटारा किया गया। भू-धारण प्रमाण पत्र के एक भी आवेदन नही आया। वही भूमि सत्यापन प्रतिवेदन 4 में से 4 पारिवारिक सूची 3 में से 3,पंजी टू में सुधार संबंधित 2 में से 2, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 10 में से 8 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकि शेष 10 मामलों की जांच कर शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने मौके पर ही राशन कार्ड 12,पारिवारिक सदस्यता 3, लगान रशीद 2, पेंशन प्रमाण पत्र 8, आम बागवानी 8, साइकिल 20 जॉब कार्ड 3 प्रवेश स्वीकृति पत्र प्रदान किया। वहीं पारिवारिक और आपसी भूमि विवाद से संबंधित मामलों में उपायुक्त ने आवेदकों को प्रतिमाह के 26 तारीख को थाना में आयोजित होनेवाले थाना दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए थाना में मामले का निष्पादन कराने की बात कही। वही 3903000 का 17 समूहों को बैंक द्वारा क्रेडिट लिंकेज दिया गया और राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जारी के 20 छात्र छात्राओं को साइकिल उपायुक्त के हाथों दिया गया। मौके पर एसडीओ पूर्णिमा कुमारी, एसी शैलेन्द्र कुमार बड़ाइक, बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश गुप्ता, प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा,थाना प्रभारी आदित्य कुमार, बीईईओ प्रीति कुमारी कुजूर बीपीओ सरफराज अन्सारी, बीआरपी रीना कुमारी मुखिया रजनी मिंज, चाजरेन मिंज, माइकल कुजूर, फुलमैत देवी, विनय एक्का, अमित साहू, नसीमुउल अंसारी, विकास कुमार, दिलीप सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में महिलाओं को स्तनपान से संबंधित कई चीजों की जानकारी दी

**जारी (आजाद सिपाही)।** स्तनपान सप्ताह के अवसर पर शनिवार को गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जारी प्रखंड के श्रीनगर गांव स्थित आंगन बाड़ी में जाकर आंगन बाड़ी सेविका सहित महिलाओं को स्तनपान से संबंधित कई चीजों की जानकारी देते हुए कहा कि मां का दूध नवजात शिशुओं के लिए सर्वोत्तम और संपूर्ण आहार है।यह न केवल शिशु को कुपोषण से बचाता है, बल्कि रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है।डीसी ने कहा कि मां का दूध शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ मां और बच्चे के बीच एक गहरा भावनात्मक संबंध भी स्थापित करता है।वही कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो शिशु के जन्म के छह माह तक केवल स्तनपान कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त के द्वारा आंगनबाड़ी सेविका से शौचालय, पानी, किचेन की बारीकी से जानकारी ली।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय के छात्र का अंडर 16 इंडिया क्रिकेट टीम में चयन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला को खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां से कई खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में गुमला का नाम रोशन कर चुके हैं। गुमला शहर के राजकीय कृत मध्य विद्यालय गुमला मुख्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र 14 वर्षीय कृष्ण टाना भगत का इंडिया क्रिकेट टीम अंडर 16 में चयन हुआ है। जिसको लेकर छात्र और विद्यालय परिवार काफी खुश है। कृष्णा ने बताया वह सिसई प्रखंड के नगर सिसकारी गांव का रहने वाला है। लेकिन वर्तमान में पूरा परिवार हिमाचल प्रदेश में रहता है। उसके पिता हिमाचल प्रदेश में वेल्डिंग का काम और मां सिलाई का काम करती है। बचपन से ही उसे क्रिकेट से बहुत लगाव था। माता-पिता भी उसे क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करते थे। दिसंबर 2024 में ट्रायल के लिए उसे रांची बुलाया गया था। इसके बाद उसका बैट्समैन के रूप में सेलेक्शन हुआ। फिलहाल वह सिसई के महुआडीपा में अपने एक दोस्त के साथ भाड़े के मकान में रहता है और प्रतिदिन बस से स्कूल आता जाता है। वहीं शहर के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शाम को प्रतिदिन कोच ज्ञान सर के मार्गदर्शन में प्रैक्टिस करता है। कृष्णा के इंडिया टीम में चयन को लेकर विद्यालय परिवार बहुत खुश है। लोगों ने उसे बधाई दी है।

# वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र रे की जयंती के साथ विज्ञान सप्ताह का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** भारतीय रसायन विज्ञान के जनक तथा मास्टर ऑफ नाइट्राइट्स के रूप में विख्यात भारत के महान वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र रे की 164वीं जयंती के साथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में दिनांक 25 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाले विज्ञान सप्ताह का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिशु खंड में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस विज्ञान मेले में कक्षा पहली से लेकर पाँचवीं तक के भैया बहनों ने हिस्सा लिया। विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित कई आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें सौरमंडल, वर्षा चक्र, ज्वालामुखी का फटना और जल संरक्षण जैसे मॉडल विशेष रूप से सराहनीय थे। बच्चों ने अपने मॉडलों के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को भी बड़े आत्मविश्वास के साथ समझाया। विज्ञान सप्ताह के दौरान वंदना सभा में प्रतिदिन भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन वृतांत का उद्बोधन भैया बहनों द्वारा किया गया। भारत के प्रत्येक वैज्ञानिकों से जुड़ी अनछुए पहलुओं को साझा किया गया। सप्ताह भर एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक प्रयोग द्वारा भैया बहनों के बीच विज्ञान के प्रति रुचि जागृत की गयी। विज्ञान सप्ताह के समापन सत्र में वरिष्ठ आचार्य सुदर्शन शर्मा के कहा कि विज्ञान सरलता से अपनी श्रेष्ठता का परिचय देता है।यह जीवन विज्ञान के प्रयोग जैसा हैं, जितनी बार प्रयोग करेंगें पहले से बेहतर सफलता पाएंगे। सप्ताह के दौरान विज्ञान के सभी आचार्य संजीव कुमार दुबे, चंदन कुमार शर्मा, आशा कुमारी, नीलम कुमारी, सविता कुमारी, ऋषि रंजन की सक्रिय भूमिका रही।

# ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में सह पाठ्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सह पाठयक्रम प्रतियोगिता (सीसीए) का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाभा हाउस के कुणाल,स्नेहा,अल्पिका,आदित्य व उज्जवल को प्रथम,सोमनाथ हाउस के प्रिंस,आयान,नेहा,आलम व खुशी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मेहंदी प्रतियोगिता में सोमनाथ हाउस के हाशमीन को प्रथम,प्रेरणा हाउस के संजना को द्वितीय स्थान मिला। फोटो स्टोरी प्रतियोगिता में आइंस्टीन हाउस के आशिमा को प्रथम,सोमनाथ हाउस के रेशमा को द्वितीय व प्राची को तृतीय स्थान हासिल हुआ। पेपर फ्लावर मेकिंग प्रतियोगिता में कलम हाउस के अलीशा को प्रथम,सोमनाथ हाउस के प्रिया रानी को द्वितीय व सोमनाथ हाउस के लक्ष्मी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिताआयशा प्रथम,आशिका द्वितीय व आपसा कुलसुम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं कलरिंग में सना प्रथम,जन्नत द्वितीय व श्वेता तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरष्कृत किया गया। पुरस्कारों का वितरण स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह व सह-निदेशक नीलम सिंह ने किया। अमित सिंह ने कहा कि आज के दौर में स्कूल केवल पठन-पाठन का स्थान नहीं,बल्कि जीवन मूल्यों और व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र होना चाहिए। बच्चे सिर्फ किताबों से नहीं,बल्कि खेल, कला, संवाद और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से भी बहुत कुछ सीखते हैं।

# आंजन धाम टोल प्लाजा प्रबंधक ने टोल पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी

मदन साहु

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के नागफेनी स्थित आंजन धाम टोल प्लाजा के प्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा ने स्थानीय लोगों को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में प्रेस मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि हमारे यहां 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्थानीय लोगों के लिए मासिक पास उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिसका मासिक शुल्क 350 रुपए है जो अन्य टोल प्लाजा से बहुत कम है। मासिक पास होने पर जितनी बार अपने निजी वाहनों से आवागमन करेंगे उन्हें कोई टोल टैक्स नहीं देना होगा। वहीं टोल प्लाजा में लोगों के सुविधा के लिए हाइटेक वॉशरूम, साफ पीने का पानी, प्राथमिक उपचार के लिए 24 घंटे एक डॉक्टर और एक एंबुलेंस उपलब्ध है। साथ ही चालकों को रेस्ट करने के लिए आराम कक्ष बनाया गया है जो कुछ दिनों में चालू हो जायेगा। टोल टैक्स के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि सभी प्रकार के वाहनों का फास्टटैग होना चाहिए जिससे वाहन मालिकों को कम टैक्स देने पड़ते हैं और उनका समय व पैसा दोनों का बचत होता है। जिनका फास्ट टैग नहीं है उनको ज्यादा टैक्स देना पड़ता है। स्थानीय लोगों का टोल टैक्स में पूर्णरूप से छुट की मांग पर उन्होंने कहा कि बीते दिनों एनएचएआइ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों की बैठक प्रखंड कार्यालय सिसई के सभागार में हुई थी। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने टोल टैक्स में पूर्णरूप से छुट की मांग की थी। इसपर सबों की सहमति से 10 दिनों तक के लिए दो प्रखंडों सिसई, गुमला के 20 किलोमीटर दायरे वाले स्थानियों को पूर्णतः छुट प्रदान किया गया था जो आजतक अनवरत जारी है क्योंकि दूसरी बैठक में फाइनल निर्णय लिया जाना था जो अभी तक बैठक नहीं हुई है। दूसरी बैठक होगी तो ही पता चल पाएगा। फिलहाल इस छूट का फायदा गैर स्थानीय लोग उठा रहे हैं।


## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2025–26

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के राज्य योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त आवंटन से निम्न स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–11.08.2025 एवं 12.08.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–13.08.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–13.08.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मरकच्चो प्रखण्ड में मुर्कमनाय–1 आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण (केन्द्र कोड सं0–78) | 1108200.00 | 22500.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 02 | मरकच्चो प्रखण्ड में असनातरी आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण (केन्द्र कोड सं0–99) | 1108200.00 | 22500.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 03 | डोमचांच प्रखण्ड में गुहदर आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण (केन्द्र कोड सं0–20348050204) | 1108200.00 | 22500.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 04 | डोमचांच प्रखण्ड में पारडीह आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण (केन्द्र कोड सं0–20348050315) | 1108200.00 | 22500.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 05 | डोमचांच प्रखण्ड में नावाडीह आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण (केन्द्र कोड सं0–20348050113) | 1108200.00 | 22500.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 06 | चन्दवारा प्रखण्ड में उरवां–2 आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण (केन्द्र कोड सं0–20348020802) | 1108200.00 | 22500.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 07 | सतगावां प्रखण्ड में कैरी आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण (केन्द्र कोड सं0–20348020802) | 1108200.00 | 22500.00 | 2500.00 | 06 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 358835 Panchayati Raj(25-26).D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



## पूर्व वार्ड कमिश्नर ठाकुर विमल प्रसाद सिंह का निधन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पालिका के पूर्व वार्ड कमिश्नर और ईसीआरकेयु के नेता रहे ठाकुर विमल प्रसाद सिंह का हृदय गति रुकने के कारण 70 वर्ष के आयु में उनका देहांत हो गया,ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के मीडिया प्रभारी इन के खवास में बताया कि श्री सिंह रेलवे में सीनियर मेल एक्सप्रेस गार्ड के रूप में कार्यरत थे और दिसंबर 2015 में सेवानिवृत हुए। उनके चार बच्चे हैं जिसमें एक राजीव कुमार सिंह रेलवे में कार्यरत है। वर्तमान में श्री सिंह झाडूडीह में रहते थे। उससे पहले उन्होंने डायमंड क्रॉसिंग रेलवे कॉलोनी में 50 साल बिताये। साथ ही साथ 80 के दशक में डायमंड क्रॉसिंग रेलवे कॉलोनी के वार्ड कमिश्नर चुने गए। रेलवे में ईसीआरकेयु शाखा -2 धनबाद के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर रेल कर्मचारी हित के लिए कार्य किए। उनके देहांत पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन इसीआरकेयु डीके पांडेय, एसएनपी श्रीवास्तव,मोहम्मद जियाउद्दीन, ओपी शर्मा, नेताजी सुभाष,सोमेन दत्ता, एनके खवास, आरके सिंह, टीके साहू, एके दा, राजू चौबे ,विश्वजीत मुखर्जी,परमेश्वर कुमार, अरुण कुमार दास, ए पुराण, सुप्रतिम चक्रवर्ती,प्रदीपतों सिन्हा मंटू, सुदर्शन कुमार महतो, तपन भट्टाचार्य,सुबोध कुमार सिंह और रीतलाल गोप ने शोक जताया।

## सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने किया सीएमओ स्टॉक यार्ड का दौरा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी एसएन गुप्ता ने अपने बोकारो प्रवास के दूसरे दिन 2 अगस्त को बीएसएल स्थित सीएमओ (सेंट्रल मार्केटिंग आगेर्नाईजेशन) के स्टॉक यार्ड का दौरा किया। उन्होंने यार्ड की कार्यप्रणाली, भंडारण प्रणाली एवं संबंधित प्रक्रियाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से संवाद किया। इसके उपरांत, बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में बीएसएल के विभिन्न विभागों के प्लानिंग इंजीनियरों एवं इंजीनियर–इन–चार्ज के लिए आयोजित एक विशेष संवाद सत्र में वे बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेल के अधिशासी निदेशक (सतर्कता) एके पांडेय, बीएसएल के अधिशासी निदेशक, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) ज्ञानेश झा एवं अन्य मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित 200 से अधिक प्लानिंग इंजीनियर एवं इंजीनियर–इन–चार्ज प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे। दोपहर में बोकारो निवास में चल रही दो दिवसीय लीओ कार्यशाला के समापन सत्र में भी गुप्ता शामिल हुए और सतर्कता अधिकारियों को संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में सेल के विभिन्न संयंत्रों एवं इकाइयों के सतर्कता विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा अपने–अपने क्षेत्रों में अपनाये गये सतर्कता प्रणालियों को साझा किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण–पत्र भी प्रदान किया गया।

## इएसएल स्टील लिमिटेड ने दो नये लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया



बोकारो **(आजाद सिपाही)।** इएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से झारखंड के ढंडाबर और सियालजोड़ी गांवों में दो नये लर्निंग रिसोर्स सेंटर का भव्य उद्घाटन किया। यह पहल प्रोजेक्ट शिक्षा का हिस्सा है, जिसे पहले प्रोजेक्ट प्रेरणा के नाम से जाना जाता था। नाम में बदलाव के साथ यह पहल अब ग्रामीण शिक्षा में बदलाव लाने की एक नई सोच और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये लर्निंग सेंटर वन–स्टॉप एजुकेशन सेंटर के रूप में तैयार किए गए हैं, जहां बच्चों को बाल शिक्षा, आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान, एसटीइएम शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण, अंग्रेजी बोलने का अभ्यास, तथा सरकारी परीक्षाओं की तैयारी जैसी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलती हैं। इनका उद्देश्य बच्चों को एक ऐसा वातावरण देना है जो सीखने की जिज्ञासा और समग्र विकास को बढ़ावा दे। धनडबार में उद्घाटन समारोह के दौरान, ईएसएल स्टील लिमिटेड के डिप्टी सीईओ और होल टाइम डायरेक्टर रविश शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही सबसे ताकतवर साधन है सशक्तिकरण का। ह्यप्रोजेक्ट शिक्षा के जरिए हम ऐसा मंच बना रहे हैं जहां हर बच्चे को बराबरी से आगे बढ़ने का मौका मिले और उनका भविष्य उज्जवल बने। उन्होंने यह भी दोहराया कि ईएसएल अपने आसपास की समुदायों के प्रति हमेशा समर्पित है और यह मानता है कि आज का युवा ही आने वाला भविष्य है।

## गोमिया में तेंदुए जैसे जानवर की दहशत, पदचिन्ह भी मिले

**वन विभाग ने कहा- तेंदुआ नहीं, लकड़बग्घा या बड़ा कुत्ता हो सकता है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के तुलबुल गांव के कारीटुंगरी इलाके में एक तेंदुए जैसे जानवर को खेतों में घूमते देखा गया है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने एक बड़े जानवर को खेतों के आसपास घूमते देखा। यह जानवर तेंदुए जैसा प्रतीत हो रहा था। उस जानवर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोग इसे बाघ भी बता रहे हैं।

### कुछ पंजों के निशान मिले हैं

हालांकि, वन विभाग ने तेंदुए की मौजूदगी से इनकार किया है। प्रशिक्षु वन पदाधिकारी संदीप शिंदे ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया था। जांच के दौरान कुछ पंजों के निशान मिले हैं, जिनकी माप की गई है।

इन निशानों के आधार पर यह संभावना जताई जा रही है कि वह जानवर तेंदुआ नहीं बल्कि लकड़बग्घा, सियार या फिर कोई बड़ा कुत्ता हो सकता है। शिंदे ने कहा कि अभी स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि वह कौन सा जानवर था।

### ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

वन विभाग की टीम लगातार इलाके में निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि वे फिर से उस जानवर को देखें या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो तत्काल नजदीकी वन कार्यालय या अधिकारियों को सूचना दें।

# बांसगोड़ा में युवक की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** शुक्रवार की देर रात माराफारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसगोड़ा घोंचाटोला इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सेक्टर 12, गुमला नगर निवासी मंटू दास (उम्र लगभग 30 वर्ष) के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंटू दास शुक्रवार रात बांसगोड़ा में एक घरनुमा होटल में अपने कुछ दोस्तों के साथ शराब का सेवन कर रहा था। इसी दौरान वहां दो बाइक से कुछ अन्य लोग पहुंचे। जिसमें से एक ने पिस्टल निकाल रुपए की डिमांड की। आपसी कहासुनी में मामला इतना बढ़ गया कि पिस्टल ताने व्यक्ति ने अचानक मंटू पर गोली चला दी। गोली चालन की घटना के के बाद अफरा तफरी मच गई। गंभीरावस्था में मंटू को बीजीएच लाया गया।



जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही माराफारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच के क्रम में पुलिस ने घटनास्थल से कुछ साक्ष्य भी जब्त किए हैं। हत्या के कारणों का अब तक स्पष्ट रूप से खुलासा नहीं हुआ है। परंतु पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है, जिसमें आपसी रंजिश, जुए का लेन-देन, अथवा स्थानीय अपराधी नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका भी शामिल है। गोली कांड की घटना की बाबत एसपी हरविंदर सिंह ने मीडिया को बताया कि

हत्या काण्ड की जांच प्रारंभ कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य स्त्रोतों के जानकारी हासिल की जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है । अबतक चार लोगों के बारे में कुछ जानकारी मिली है। जल्द ही हत्यारे सलाखों के पीछे होंगे। डीएसपी हेडक्वार्टर अनिमेष गुप्ता एवं माराफारी थाना प्रभारी मोहम्मद आजाद खां हत्याकांड मामले को गंभीरता से देख रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की अवैध गतिविधियां पर पुलिस की पैनी निगाह है। इधर, मंटू की हत्या की सूचना मिलते ही उसके परिजन सदमे में हैं। परिजनों ने हत्या के पीछे सोची-समझी साजिश की आशंका जताई है और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

## आस्था ज्वेलर्स लूट कांड मामले में दो और आरोपी पटना से धराये

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स में विगत 23 जून को 1.50 करोड़ रुपए के गहनों की हुई लूट के उद्भेदन मामले में पुलिस की चुस्ती देखी जा रही है। पुलिस ने पटना से दो और आरोपियों को धर दबोचा है। एसपी हरविंदर सिंह ने मीडिया को बताया कि गठित एसआईटी टीम ने कार्रवाई करते हुए 30 जुलाई को दो और आरोपियों को पटना से धर दबोचा है। साथ ही, उनके ठिकाने से लूट के जेवरात भी बरामद किए। इस लूट कांड में अब तक कुल 11 आरोपी गिरफ़्तार हो चुके हैं। इस बाबत एस पी ने प्रेस वार्ता में बताया कि एसआईटी टीम ने 30 जुलाई को पटना के आलमगंज थाना अंतर्गत ए टू जेड किराना स्टोर से अप्राथमिक अभियुक्त करण कुमार उर्फ देवा व अभिषेक कुमार उर्फ भोलू को गिरफ़्तार किया। अभिषेक की निशानदेही पर कांड में लूटे गए जेवरात बरामद भी किया गया। जिसमें 4 पीस सोने के कान का टाप , 1 पीस सोने के गले का चेन, 2 पीस मंगलसूत्र, 1 पीस हाथ का कंगन,शामिल है। ये सारे सामान आलमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ए टू जेड किराना स्टोर से बरामद किया गया। इन दोनों आरोपियों कि निशानदेही पर दोऔर अपराधियों सौरभ कुमार एवं सूरज कुमार को गिरफ्तार करते हुए लूट काण्ड में प्रयुक्त हथियार व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इन दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए स्थानीय न्यायालय में उपस्थित कर सौरव को न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल एवं सूरज को बेऊर जेल भेजा गया। गौरतलब है कि इस लूटकांड में 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ़्तार किया जा चुका है।

## अंबेडकर नगर में घर से 1.5 लाख की संपत्ति की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के महुदा मोड़ स्थित अम्बेडकर नगर में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अम्बेडकर नगर निवासी पाण्डव दास बोकारो स्थित बीएसएल में कार्यरत हैं और वहीं अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। शनिवार की सुबह जब आसपास के लोगों ने उनके बंद मकान का मुख्य दरवाजा टूटा देखा, तो तत्काल इसकी सूचना पाण्डव दास को दी गई। पाण्डव दास ने मौके पर पहुंचकर घर की तलाशी ली, जिसमें पाया गया कि घर से करीब पांच हजार रुपये नकद, जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी हो चुके हैं। कुल चोरी की संपत्ति की कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही महुदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर छानबीन शुरू कर दी है। भुक्तभोगी ने महुदा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और स्थानीय स्त्रोतों से पूछताछ कर मामले की तहकीकात कर रही है।

## भारत के मानचित्र पर आकांक्षी जिला बनकर उभरे धनबाद : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज नावाडीह स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) भवन में नीति आयोग, नयी दिल्ली, द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जिले का केवल गोविंदपुर आकांक्षी ब्लॉक नहीं बल्कि भारत के मानचित्र पर पूरा धनबाद आकांक्षी जिला बनकर उभरना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुकाम को प्राप्त करने के लिए त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में सभी को अपना समान योगदान देना होगा, जिससे हर व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो।

उपायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को उनके दायित्व का प्रशिक्षण देने के लिए डीपीआरसी भवन में 50 बेड का रेजिडेंशियल ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। इसमें नयी-नयी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इससे किसी भी प्रकार की गलती की गुंजाइश नहीं रहेगी। पंचायत के मुखिया और सचिव सरकार की धार है। वे कमजोर रहेंगे तो योजनाओं को धरातल पर उतारने में कठिनाई होगी।

कहा कि मुख्यमंत्री जितनी अच्छी सोच के साथ योजनाओं को लेकर आते हैं उतनी ही अच्छी सोच के साथ उसे धरातल पर उतारने का काम पंचायती राज के सभी जनप्रतिनिधियों का है। साथ ही सेविका, सहिया, बीपीएम, डीपीएम, शिक्षक सहित सबको मेहनत करनी होगी। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र व अन्य सरकारी संस्थानों में सहयोगात्मक सोच रखकर पूछताछ करें और कमी को दूर करने का प्रयास करें। जब पंचायत सशक्त होगी तो प्रखंड सशक्त होगा और इससे पूरा जिला परिषद सशक्त होगा।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग, नयी दिल्ली द्वारा जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह अभियान चलाया गया था। जिसमें आकांक्षी ब्लॉक गोविंदपुर को कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित 6 मानदंड पर काम करना था।

कार्यक्रम के दौरान आकांक्षी ब्लॉक गोविंदपुर के 10 सेविका, 10 कृषक मित्र, 10 सहायक अध्यापक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के 5, स्वास्थ्य विभाग के 8 सहित 43 लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम से पूर्व उपायुक्त तथा जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष ने पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलियापुर एवं गोविंदपुर, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय धनबाद तथा जेएसएलपीएस द्वारा लगाये गये। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## फुलारीटांड़ स्टेशन पर फिर शुरू हुआ एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता





**महुदा/ फुलारीटांड़।** लंबे इंतजार के बाद फुलारीटांड़ रेलवे स्टेशन पर धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस, वनांचल एक्सप्रेस और रांची-गोड्डा एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव एक बार फिर शुरू हो गया है। शनिवार को गिरिडीह सांसद सिपी चौधरी एवं धनबाद के सांसद ढूलु महतो ने तड़के सुबह इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके साथ ही क्षेत्रवासियों को राहत की बड़ी सौगात मिली। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के दौरान इन ट्रेनों का फुलारीटांड़ स्टेशन पर ठहराव स्थगित कर दिया गया था, जिससे स्थानीय यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। यात्रा के लिए उन्हें धनबाद, बोकारो या गोमो जैसे दूरस्थ स्टेशनों तक जाना पड़ता था। स्थानीय जनता की वर्षों पुरानी मांग को देखते हुए दोनों सांसदों की पहल पर रेलवे प्रशासन ने इन ट्रेनों के फुलारीटांड़ स्टेशन पर ठहराव को पुनः स्वीकृति दी है। इस निर्णय से अब क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक रेल संपर्क मिल सकेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सांसद श्री चौधरी एवं श्री महतो के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और इसे जनभावनाओं की बड़ी जीत बताया। सिपी चौधरी ने इस दौरान बताया कि फुलारीटांड़ स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी अपेक्षा थी। कोविड के बाद उत्पन्न असुविधाओं को मैं भलीभांति समझता था। जनता की पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा रही है। मैंने निरंतर प्रयास कर रेलवे मंत्रालय को इसकी महत्ता से अवगत कराया। आज यह ठहराव बहाल होना जनआवाज की जीत है। मैं क्षेत्रवासियों के हित में हर मोर्चे पर सदैव तत्पर रहूंगा। इधर ढूलु महतो ने कहा कि कोविड काल में बंद पड़ी ट्रेन सेवाओं के पुनः प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। यह केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि जनसुविधा, विकास और प्रगति का प्रतीक है। जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर हमने एक और वादा निभाया है।

## टेबल टेनिस का कुंभ आज से, झारखंड और बिहार की 41 टीमें दिखायेंगी दम

आजाद सिपाही संवाददाात

**बोकारो।** गत वर्ष सीबीएसई क्लस्टर- 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो एक बार फिर अंतरप्रांतीय वृहत कार्यक्रम की मेजबानी को तैयार है। विद्यालय में 03 अगस्त, 2025 (रविवार) से तीन-दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-3 अंतर विद्यालय टेबल टेनिस टूनार्मेंट शुरू हो रहा है। टेबल टेनिस के इस लघु कुंभ में झारखंड-बिहार के 18 सीबीएसई संबद्ध स्कूलों से कुल 41 टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। सभी टीमों को मिलाकर लगभग 200 खिलाड़ी अलग-अलग वर्गों में कुल 240 मैच खेलेंगे। इसके लिए विद्यालय के समुन्नत कालिदास कला भवन एवं चंद्रशेखर टेबल टेनिस हॉल में कुल चार टेबल टेनिस कोर्ट तैयार किए गए हैं। संयम, कौशल और प्रतिभा का संगम थीम के साथ आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की कुल 41 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें अंडर-14 बालकों की 12, अंडर-14 बालिकाओं की 5, अंडर-17 लड़कों की 7, अंडर-17 लड़कियों की 4, अंडर-19 बालकों की 7 और अंडर-19 बालिकाओं की 6 टीमें शामिल हैं। मैचों के सफल संचालन के लिए झारखंड स्टेट टेबल टेनिस एसोसिएशन के 11 अनुभवी पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जो निष्पक्ष और सुचारू रूप से मैचों का संचालन सुनिश्चित करेंगे।

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. ए एस गंगवार ने शनिवार को इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के ऐतिहासिक, भव्य और सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## बोकारो में सड़क हादसे में युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में एनएच 23 पर बबलू चिकन के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेल टैंकर ने पीछे से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक बाइक सहित टैंकर के नीचे जा फंसा और उसका सिर बुरी तरह कुचल गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



मृतक की पहचान कोऑपरेटिव के झोपड़ी कॉलोनी निवासी हीरालाल देव के रूप में हुई है, जो बियाडा स्थित सुंदरम स्टील में मजदूरी का काम करता था। हादसा उस समय हुआ जब वह काम से घर लौट रहा था।

घटना के बाद स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचकर फूट-फूटकर रोने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस स्थान पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं और इसे पहले ही ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया जा चुका है। इसके बावजूद गाड़ियों की तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग की प्रवृत्ति के कारण लोगों की जान जा रही है।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा
**E-Mail ID – chatrasco@gmail.com**

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में जलनिधि योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु कृषको के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना।**

राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने के लिए मानसुन पर कृषकों को निर्भरता कम करने एवं विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समूचित व्यवस्था के लिए डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु "जलनिधि योजना" जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

कृषक/संस्था का चयन
(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/ईच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नही होगी।
(3) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम–सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दिया जायेगा।

आवेदन पत्र की प्राप्ति
(I) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध ईच्छुक एवं सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(II) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा (जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा) एवं प्रखण्ड कार्यालय से कार्यालय अवधि में निःशूल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
(III)आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/agri. एवं www.Sameti.org पर भी उपलब्ध है।

आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में 15 दिनों के अन्दर कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है।
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा/विशेष ग्राम से पारित होनी चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. गाँव के नक्शा पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शा की छाया प्रति।
3. भूमि का खेसरा संख्या अद्यतन राजस्व रशीद पहचान पत्र के साथ संलग्न करें यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
4. जिस स्थल पर डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0, रकबा, का भूमि प्रतिवेदन अंचलाधिकारी द्वारा मान्य होगा।
5. योजना स्थल का लाभुक के साथ रंगीन GPS फोटोग्राफ।

(1) डीप बोरिंग की योजनाः–

| कार्य योजना | भौतिक लक्ष्य | पात्रता | अनुदान की राषि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राषि | कृषक समूह का अंषदान की राषि |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter Deep Boring, Submersible Pump 1.5 HP, आवष्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | OSP-04 | योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 05 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिषत (3.15 लाख) | 10 प्रतिषत (0.35 लाख) |

(2) परकोलेशन टैंक की योजना।

| कार्य योजना | भौतिक लक्ष्य | पात्रता | अनुदान की राषि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राषि | कृषक समूह का अंषदान की राषि |
| Length of percolation tank 120ft. width of percolation tank 100ft. Depth of percolation tank 12ft. Length of Bound-370ft side slope-1:1 | OSP-34 | योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिषत (3.87 लाख) | 10 प्रतिषत (0.43 लाख) |

PR 358824 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)25-26*D
भूमि संरक्षण पदाधिकारी कोडरमा

# प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्र कैद

- कोर्ट ने पीड़ित को 7 लाख देने को कहा
- पूर्व प्रधानमंत्री के पोते को कल दोषी ठहराया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैसूरु।** बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्र कैद की सजा सुनायी। कोर्ट ने रेवन्ना पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया।
साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। बता दें कि कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी थी। इसमेंरेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किये थे।

उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।



## प्रज्वल पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न का आरोप

पिछले साल प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में सामने आने के बाद चर्चा में आया था। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों से जुड़े अब तक 4 एफआइआर दर्ज की गयी है। पिछले साल, रेवन्ना के सोशल मीडिया पर 2,000 से ज्यादा अश्लील वीडियो क्लिप सामने आये थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में रेवन्ना ने कर्नाटक की हासन संसदीय सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपनी सांसदी नहीं बचा सका। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद खऊऱ ने उसे पार्टी से निलंबित भी कर दिया था।

# अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले ही बंद



- भारी बारिश से बालटाल और पहलगाम दोनों रास्ते खराब हुए
- इस साल 4.1 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को कल से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी। इस साल अब तक 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे।

### यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। इस दौरान सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गयी थी। इस बार यात्रा केवल 1 महीना ही चल पायी। यात्रा के दौरान लगभग 50,000 सीआरपीएफ के जवान तैनात किये गये थे।

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

## जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आयी है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूट कर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताये जा रहे हैं।



हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाइवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं।

जम्मू-कश्मीर में कल रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की कार लैंडस्लाइड़ की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गये।

मौसम विभाग ने शनिवार को असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल में बारिश का रेड अलर्ट और बिहार, अरुणाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# एनआइए ने कर्नाटक के 18 ठिकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** बजरंग दल के कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को कर्नाटक के 18 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह छापेमारी राज्य के मंगलूरु, चिक्कमगलुरु और हासन जिलों में की गई। एनआईए ने कहा कि यह हत्या सामाजिक माहौल में डर और आतंक फैलाने के इरादे से की गई थी। इस मामले की जांच पहले स्थानीय पुलिस कर रही थी, लेकिन जून में इसे एनआईए को सौंप दिया गया। बता दें कि 1 मई 2025 को मंगलूरु शहर के बजपे इलाके में सुहास शेट्टी अपने कुछ साथियों के साथ वाहन में यात्रा कर रहे थे। उसी दौरान 5 से 6 हमलावरों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। हमलावर दो वाहनों - एक कार और एक पिकअप वैन - में आए थे। उन्होंने सुहास शेट्टी पर धारदार हथियारों से हमला किया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**